न्यूज ब्रीफ

### हादसे में घायल महिला की मौत

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। ग्राम मुबारकपुर में करीमनगर की तरफ से आ रही बाइक के चालक ने रोड पर साइड से चल रही एक महिला को पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हे उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी राजपुर ले जाया गया। हालत नाजुक देख डाक्टर ने जिला अस्पताल माती के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उसकी शिनाख्त रामजानकी (50)पत्नी बालकिशन के रूप में हुई है। वह मुबारकपुर गांव की रहने वाली है।

### कुत्ते के हमले में आधा दर्जन लोग जख्मी

**कानपुर देहात।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादपुर में पागल कुत्ते ने एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला बोला। किसी को पांव में काटा तो किसी के हाथ का एक अंगूठा ही चबा लिया। खफा लोगों ने उसे दौड़ाया। इससे वह गिरा। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि कुत्ता कई रोज से गांव में घूम रहा था। रविवार की सुबह विजय शंकर गुप्ता को उसने काटा। वह इलाज कराने के बाद लौटे तो पता लगा कि गोपाल कश्यप को भी उसने कई जगह चबा लिया। हाथ से बचाव करना चाहा तो कुत्ता और हमलावर हो गया। उसने गोपाल का अंगूठा इस तरह नोचा कि हाथ से अलग हो गया। कुत्ते ने रामकेश राजपूत, राकेश, धर्मेंद्र कश्यप और सरोजनी देवी को भी काटा। बुरी तरह लहूलुहान लोगों ने अस्पताल जाकर पट्टी कराई। टेटनेस के इंजेक्शन भी लगवाया। शाम को कुत्ता मर गया। विजय शंकर गुप्ता ने बताया कि गांव में इन दिनों बंदरों का भी बहुत आतंक है। वन विभाग में शिकायत की गई मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### भूमेश्वर धाम में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**सिकंदरा।** कस्बे के करीमनगर गांव के भूमेश्वर धाम परिसर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक मंजेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास ने वामन अवतार प्रसंग और भक्त प्रहलाद की कथा भी सुनाई। उधर, सिकंदरा के प्राचीन शिव झाडी मंदिर परिसर मे चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथा वाचक राजेन्द्र वशिष्ठ ने भगवान द्वारा राजा बलि के अहंकार को नष्ट करने और उन्हें सुतल लोक का राजा बनाने की कथा सुनाई। बाल लीलाएं श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, जैसे माखन चोरी और पूतना वध का भी वर्णन किया।



अकबरपुर के नयागंज स्थित शिव-पार्वती मंदिर में रुद्राभिषेक हुआ। अमृत विचार



भीखदेव कहिंजरी के महाकालेश्वर मंदिर में गंगा जल चढ़ाते कांवरिए। अमृत विचार



भगवान धर्मगढ़ बाबा मंदिर में पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# रुद्राभिषेक के साथ भोले शंकर की आराधना

## महाशिवरात्रि पर पूरे दिन हर-हर, बम-बम के जयघोष से गूंजते रहे शिवालय, भक्तों को सब्जी-पूड़ी और लड्डुओं का प्रसाद बांटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- शिव मंदिरों में सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहा भारी पुलिस बल

**अमृत विचारः** देवाधिदेव महादेव भगवान भोले शंकर का पावन परिणय पर्व महाशिव रात्रि रविवार को जिले भर में भरपूर उत्साह के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं में गजब का जोश दिखा। शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों ने धतूरा गन्ने का रस और अकौडे के फूल चढ़ा कर महादेव की विधिवत आराधना की। ढोल-ताशों, शंख और डमरू की ध्वनि से मंदिर पूरे समय गुंजायमान रहे। जगह-जगह रूद्राभिषेक किया गया। कावंरियों ने शिव लिंग पर विधि-विधान के साथ जलार्पण किया। भंडारे लगे। पूरी-सब्जी और लड्डुओं का वितरण किया गया।

जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थल डेरापुर के कपालेश्वर महाराज मंदिर, बनीपारा के बाणेश्वर झाड़ी बाबा, अकबरपुर के शुक्ल तालाब, अशोक नगर के श्री सुंदर विद्या शिव मंदिर के साथ नयागंज के शिव पार्वती विराजमान मंदिर में महादेव के दर्शनों को भोर पहर से ही भक्तों की भीड़ लगी। पुलिस के सख्त सुरक्षा इंतजामों के बीच भोले के दर्शन लाभ का आनंद प्राप्त करते हुए भक्तों ने भंडारे का चाव से प्रसाद ग्रहण किया।

अकबरपुर में पावर हाउस रोड पर शिव पार्वती विराजमान मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र गुप्ता ने परिवार के लोगों के साथ रूद्राभिषेक कराया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। यहां राजेश गुप्ता, अंबरीश गुप्ता, डा सपन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, मुकेश कौशल, राम नरेश तिवारी, ऋषु, रजत आदि ने भंडारे में सहयोग किया। पूरे दिन हर हर महादेव के गगन भेदी जयकारे माहौल को शिवमय बनाए रहे।



धर्मगढ़ बाबा के दर्शन के लिए लगी लंबी कतार। अमृत विचार

उधर, डेरापुर के प्राचीन कपालेश्वर महादेव मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। यहां मंदिर के सरवराकार करुणेश नारायण मिश्रा की देखरेख में व्यवस्था की गई। बनीपारा के वाणेशवर मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। यही स्थिति अकबरपुर के झाड़ी बाबा मंदिर में रही। यहां समाजसेवी पिंटू शुक्ला की देखरेख में व्यवस्था की गई। इधर, अशोक नगर के श्री सुंदर विद्या शिव मंदिर और शुक्ल तालाब पर शिव मंदिर में भी भारी भीड़ रही। दूसरी तरफ, हाईवे पर स्थित गांव शहजादपुर के शंकर महादेव विराजमान मंदिर में भी रूद्राभिषेक हुआ। शाम को भंडारा लगा। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया। विजय शंकर गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, मनोज पाल, मोहित गुप्ता आदि ने व्यवस्था देखी।

### रसूलाबाद क्षेत्र में भी हर-हर महादेव की गूंज

**रसूलाबाद।** भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती के विवाह के रूप में मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व सनातन संस्कृति का विशेष आस्था का पर्व है। इस पर्व के चलते रविवार को धर्मगढ़ बाबा शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी और शनै : शनै : बढ़ती ही गई। देर शाम तक बाबा के दर्शनों का सिलसिला और हर-हर बम-बम भोले का जय घोष चलता रहा। पुलिस प्रशासन की ओर से इस मौके पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए जिससे श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शनों में कोई परेशानी नहीं हुई। धर्मगढ़ बाबा सत्संग मंडल की ओर से इस मौके पर फलाहार की खीर एवं नमकीन भुने हुए आलू की प्रसादी का वितरण भी अनवरत चलता रहा। हजारों नर नारियों ने बाबा का गंगाजल से जलाभिषेक किया और बिल्व पत्र, गन्ना, बेर, भांग, सिंघाड़पाग आदि नैवेद्य का भोग लगाकर उनका दर्शन पूजन कर मन्नत मानी। इस पावन पर्व पर गांव-गांव स्थित क्षेत्र के शिव मंदिरों जमथर खेड़ा स्थित यमदग्नि आश्रम, असालतगंज स्थित द्रोणेश्वर शिव मंदिर,खेड़ा कुर्सी स्थित कपिलेश्वर शिव मंदिर ,कृष्ण दत्त निवादा स्थित संगमेश्वर शिव मंदिर,भीखदेव कहिंजरी स्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर, नारदाश्रम स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर, सुभाष नगर स्थित महादेवन शिव मंदिर पर भक्तों का सुबह से ही आवागमन एवं पूजन अर्चन चलता रहा। एसडीएम सर्वेश सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार सिंह नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक चौधरी, थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम सिंह, उदयभान सिंह, सत्संग मंडल के रामू गुप्ता, बउवन चौरसिया, संजय मिश्रा, उमेश गुप्ता, रामू मिश्रा, महेंद्र यादव, प्रहलाद उर्फ लपका गुप्ता एवं एनसीसी कैडेट्स के युवा छात्र एवं छात्राएं आदि लोग मौजूद रहे।

### शिवली के जागेश्वर मंदिर में उमड़े भक्त

**शिवली।** महाशिवरात्रि पर कस्बे के प्राचीन मंदिर जागेश्वर धाम में शिव भक्तों की भारी भीड़ जुटी। भोर पहर से ही हर हर महादेव बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। जागेश्वर धाम समेत सभी शिवालयों को सजाया गया था। यहां रामलीला का मंचन हुआ। पांडव नदी के पास स्थित सिद्ध पीठ जागेश्वर धाम में बड़ी संख्या में शिव भक्त गंगा जल चढ़ाने पहुंचे। बुजुर्गों का मानना है कि इसी शिवलिंग की वजह से कस्बे का नाम पड़ा। अति प्राचीन जागेश्वर धाम आस्था का प्रमुख केंद्र है। क्षेत्रीय लोगों का विश्वास है जो भगवान शिव के दर पर मुराद मांगता है वह जरूर पूरी होती है।बन्नापुर के नर्मदेश्वर मंदिर से शिव बारात निकली। कडरी हनुमान मंदिर के भगवतेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। इसी तरह, विख्यात शोभन मंदिर के नर्मदेश्वर महादेव, बाघपुर के योगेश्वर, औनहां के पंचवटी व अकोढेश्वर, कुढ़वा के झारखंडेश्वर, सुजानपुर के सुकताल धाम, हरदियानाला के गोपेश्वर, लालपुर के मनकामेश्वर, मैथा के विष्णु वल्लभ महादेव, गोपेश्वर, सत्येश्वर, शिवली के रामेश्वर शिव मंदिर, ओमकारेश्वर मंदिर, आजाद नगर के महाकालेश्वर, मानसिला मंदिर, साकेत धाम मंदिर, जंगलेश्वर में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार पांडेय, तहसीलदार सुनील कुमार,चेयरमैन अवधेश शुक्ला, प्रवीण कुमार यादव व कस्बा प्रभारी आंनद पांडेय के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# 36 घंटे बाद एसडीआरएफ ने बरामद किया शव

संवाददाता, रनियां

- शनिवार सुबह घाटमपुर रजबहे में गिरा था बाइक सवार युवक
- गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ के जवान कर रहे थे खोजबीन

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के रायपुर-गजनेर मार्ग पर शनिवार की सुबह घाटमपुर रजबहे की पुलिया से एक बाइक टकराने से एक युवक पानी में गिर गया था। रविवार को एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों की सघन तलाशी में युवक का शव रजबहे से बरामद किया गया। युवक की मौत पर घरवालों का रो रोकर बुरा हाल था।

गजनेर में शुक्रवार को एक शादी समारोह था, जिसमें कानपुर नगर से दो अलग-अलग बाईक पर सवार होकर अनिल 35 वर्ष पुत्र सुखदेव निवासी बर्रा, पंकज पांडे निवासी गड़रियन पुरवा कानपुर, सचिन दिवाकर निवासी काकादेव कानपुर, तथा रवि प्रकाश निवासी कानपुर भी शामिल होने पहुंचे थे। शनिवार की सुबह पांच बजे सभी लोग वापस अपने अपने घरों को लौट रहे थे कि तभी श्यामपुर गांव के पास घाटमपुर रजबहे की पुलिया से एक बाइक टकरा गई जिससे बाइक चला रहा अनिल 35 वर्ष पुत्र सुखदेव निवासी बर्रा बाइक से उछलकर घाटमपुर रजबहे में गिर गया।



एसडीआएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद कामयाबी पाई। अमृत विचार

घटना के बाद सूचना पहुंचे इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने तलाश शुरू की थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तथा दो गोताखोरों को भी पानी में खोजबीन में लगाया गया था, लेकिन देर रात कोई सुराग नहीं मिला था। रविवार को एसडीआरएफ टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और रजबहे में नाव में बैठकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि देर शाम अनिल 35 वर्ष पुत्र सुखदेव का शव श्यामपुर गांव से दो सौ मीटर दूर पानी के अंदर से बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# खंभे के विवाद में चलीं लाठियां आधा दर्जन लोग गंभीर घायल

संवाददाता, शिवली

- शिवली क्षेत्र के बकसपुरवा में खेत पर खंभा गाड़ने पर हुआ विवाद
- सात महिलाओं समेत 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के बकसपुरवा गांव में खेत में खंभे गाड़ने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी, डंडा, फरसा, कुल्हाड़ी तथा साबड आदि चले गए। मारपीट के दौरान एक युवती समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सात महिलाओं समेत 17 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

बकसपुरवा गांव के छेदीलाल ने बताया कि वह अपने भाई रघुराज व भतीजी वैष्णवी के साथ खेत की सुरक्षा करने के उद्देश्य से खेत पर खंभे लगा रहा था। उसी समय गांव के नीरज अपने भाई दीपू, पंकज, परिवार की नैना, सिंधु, पारुल, शिवप्रसाद तथा ओमवती आ गए। इसके बाद गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडा तथा लोहे की राड से हमला कर उन तीनों लोगों को घायल कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष के नीरज ने बताया कि वह ट्रक चालक है। इस समय घर पर आया है। पुराने विवाद को लेकर छेदीलाल अपने भाई राम आधार, रघुराज, अमनी, गोलू, ओम जी, शिवम, वैष्णवी तथा सुषमा के साथ मिलकर फरसा, कुल्हाड़ी, साबड तथा फावड़ा से उस पर हमला कर दिया। उसकी चीख पुकार सुन भाई दीपू तथा पिता शिव प्रसाद उसे बचाने आए तो आरोपित जनों ने उन्हें भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाल प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। दोनों गुटों की सात महिलाओं समेत 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर लिखी गई है।

# विवाह में गया परिवार घर से कैश-जेवर पार

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के उस्मानपुर जमरेही गांव में बीती रात एक सूने घर में धावा बोलकर चोर नकदी- जेवर ले गए। परिवार शादी समारोह से रविवार की सुबह घर लौटा तो सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की।

उस्मानपुर जमरेही के अजीत प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। ससुराल में शादी शामिल होने के लिए वह 12 फरवरी को परिवार सहित घर में ताला बंद कर मध्य प्रदेश गए थे। शनिवार रात चोर बंद घर में पीछे से चढ़े और नीचे उतरकर कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे 40 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल, एक जोड़ी तोड़िया, स्टील व पीतल के बर्तन ले गए। रविवार सुबह 8 बजे परिवार वापस लौटा। मेन गेट का ताला खोलकर अंदर घुसे तो कमरे का ताला टूटा था सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। गजनेर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर गजनेर जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया की चोरी की जानकारी हुई है, घटना की जांच की जा रही है।

# दिल्ली पुलिस ने भटौली में चरस तस्कर दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- दिल्ली में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आया था नाम

**अमृत विचारः** जनपद के रूरा थाना क्षेत्र में दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची। यहां रूरा पुलिस के सहयोग से उसने एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 714 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है।

बताया गया कि दिल्ली के थाना सेक्टर 23, द्वारका में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सबन्धित इस मामले में रूरा के भटौली गांव निवासी मिथलेश कुमार वाजपेई पुत्र स्व0 राम भूषण निवासी वांछित था। यहां उसकी मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी लगी थी। इस पर द्वारिका, दिल्ली की एंटी नारकोटिक्स सेल पहुंची। बताया गया कि दिल्ली पुलिस मामले में मयंक पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम पाल नगर, थाना किशनी, जनपद मैनपुरी व हाल पता गली नंबर 4, झनकार रोड, गोयला डेयरी, थाना छावला, नई दिल्ली के कब्जे से 249 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई थी। इसी के आधार पर मयंक पुत्र अरविंद सिंह उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। विवेचना में रूरा भटौली के मिथलेश कुमार वाजपेई पुत्र स्व0 राम भूषण का नाम भी प्रकाश में आया। इसके आधार पर रविवार को थाना रूरा पुलिस व दिल्ली पुलिस के संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मिथलेश कुमार को उसके घर से धर दबोचा। उसके पास 714 ग्राम अवैध चरस मिली है। पुलिस के मुताबिक मिथलेश कुमार के खिलाफ तीन मुकदमे कायम हैं।



पुलिस की गिरफ्तार में कथित चरस तस्कर। अमृत विचार



तैनाती के लिए उड़ीसा रवाना होने से पहले ग्रामीणों ने प्राची को विदाई दी। अमृत विचार

# मड़ैया की झोपड़ी में पढ़ी प्राची नेवी में बनी एमआर

संवाददाता, मंगलपुर

- हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉपर रह चुकीं प्राची राजपूत

**अमृत विचारः** झोपड़ी में पढ़कर जिले में टॉप करने वाली प्राची का नेवी में एमआर के रूप में चयन हुआ है। बिटिया की कामयाबी पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। रविवरा को गांव के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ प्राची को विदाई दी।

मंगलपुर क्षेत्र के मड़ैया गांव की रहने वाली किसान परिवार की होनहार बेटी प्राची राजपूत ने अपनी मेहनत और लगन से एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। पूर्व में हाईस्कूल परीक्षा में जिला टॉप कर चुकी प्राची का भारतीय नेवी में एमआर (मैट्रिक रिक्रूट) पद पर चयन हुआ है। मात्र 17 वर्ष 6 माह की आयु में मिली इस सफलता से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। रविवार को जब प्राची ज्वाइनिंग के लिए घर से निकली तो ग्रामीणों ने उसे फूल-मालाओं से सजी गाड़ी पर बैठाकर गाजे-बाजे और डीजे के साथ पूरे गांव में घुमाया। इस दौरान लोग देशभक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए और मिष्ठान खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया। प्राची की 19 फरवरी को उड़ीसा राज्य के सिलिका में ज्वाइनिंग होनी है। उसके पिता महेंद्र राजपूत, जो गांव में झोपड़ी डालकर खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ने भावुक होकर बताया कि जब प्राची ने हाईस्कूल में जिला टॉप किया था, तभी लगा था कि बेटी कुछ बड़ा करेगी। हमारे पास पक्का घर तक नहीं था। उसने झोपड़ी के एक कोने में बैठकर पढ़ाई की और आज यह मुकाम हासिल किया। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है। उन्होंने बताया कि प्राची खेती के कार्यों में भी उनका हाथ बंटाती थी। परिवार में एक बड़ी बेटी निजी नौकरी करती है, एक बेटा सेना में जाने की तैयारी कर रहा है तथा एक छोटी बेटी पढ़ाई कर रही है, जो प्राची को अपना आदर्श मानती है। प्राची की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। ग्रामीणों का कहना है कि संसाधनों की कमी कभी भी सफलता में बाधा नहीं बन सकती, यदि हौसले बुलंद हों।

सेहत नासाज

श्रृंगार के बाद दुल्हनें बोलीं- 'कहेंगे ब्यूरी पॉर्लर में नहीं, हास्पिटल में कराया अपना मेकअप'

# अस्पताल का बेड बना ब्यूटी पार्लर, दुल्हन का श्रृंगार

हनुमान गुप्ता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** नारी को नारायणी ऐसे ही नहीं कहा गया। खुद के लिए भले कुछ न कर पाए मगर परिवार और बच्चों के लिए जी-जान लगा देती है। ऐसे हालात, जिनमें आम इंसान टूटने की कगार पर होता है, नारी शक्ति उनकी चुनौती हंसते-हंसते स्वीकार कर लेती है।

बानगी के लिए नेहा गुप्ता का नाम काफी है। पेशे से ब्यूट्रीशियन नेहा के पॉर्लर पर लड़कियों की भीड़ रहती है। तीन दिन पहले वह बीमार हो गईं। हालत ठीक नहीं थी। अस्पताल में भर्ती कराई गईं। श्रृंगार के लिए पहले से बुक लड़कियों के फोन कॉल्स आए तो उन्होंने निराश नहीं किया। अस्पताल में ही मेकअप का सामान मंगाया और लड़कियों को विवाह के लिए तैयार कर दिया।

घर की माली हालत ठीक नहीं है। बेइंतिहा महंगाई और घर-गृहस्थी के बड़े खर्च देख नेहा ने परिवार पालने में पति का हाथ बटाने का फैसला किया। ब्यूटी पॉर्लर का कोर्स कर रखा था, सो करीब छह साल पहले उन्होंने खुद का ब्यूटी पॉर्लर खोला। शुरुआत में थोड़ी दिक्कत आई। अब उनका ब्यूटी पॉर्लर शहर के अच्छे पॉर्लरों में गिना जाता है।

इधर, कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं रहती। तीन रोज पहले दिक्कत बढ़ी तो अपने पहचान की योगा ट्रेनर किरन गुप्ता से संपर्क किया। उन्हें सेहत के बारे में बताया। तब किरन गुप्ता ने गांधी नगर के एक अस्पताल में उन्हें एडमिट करा दिया, जहां इलाज चल रहा है।



अस्पताल के बेड पर दुल्हन का श्रृंगार करती ब्यूटीशियन। अमृत विचार

रविवार को वैवाहिक कार्यक्रमों को लेकर लड़कियों के फोन उनके पास आने शुरू हो गए। सभी शाम होने के पहले मेकअप कराना चाह रहीं थीं। बेड रेस्ट की सलाह के बाद भी नेहा ने सभी के मेकअप की हामी भर दी। इसके बाद पॉर्लर से सामान मंगाया और बेड पर ही बिठाकर कन्याओं का साज-श्रृंगार पूरा किया। श्रृंगार में भी कोई कमी नहीं थी। लड़कियों ने बताया कि वह कहीं और जाकर मेकअप करा सकती थीं, मगर नेहा की हिम्मत ने उनके कदम रोक लिए। उन्होंने कहा कि बीमारी हालत में यदि नेहा इतनी हिम्मत दिखा सकती हैं तो थोड़ी हिम्मत वह भी दिखाएंगी। मजाक में बोलीं, कार्यक्रम में पहुंच कर लोगों को बताएंगे, पॉर्लर में नहीं, अस्पताल में मेकअप कराया है।

### भक्ति-भजन की कोई उम्र नहीं होती

**रसूलाबाद।** भक्त ध्रुव ने पांच वर्ष की आयु में ही भगवान की प्राप्ति कर ली थी। भक्ति और भजन की कोई आयु नहीं होती। आज के दौर में मां-बाप बच्चों को कार तो दिलवा देते हैं, मगर संस्कार नहीं दे रहे, जिससे बच्चे संस्कारहीन हो रहे हैं।

यह बात महेंद्र नगर सेक्टर नंबर 1 स्थित दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य कृष्ण कुमार महाराज कही। उन्होंने कहा कि ध्रुव ने जंगल जाकर नारायण के लिए कठोर तप करना शुरू कर दिया। ध्रुव के दृढ़ निश्चय को देखकर अंततः भगवान को प्रकट होना पड़ा और उनकी कृपा से ध्रुव व उसकी मां को न केवल राजा उत्तानपाद से सम्मान मिला, वरन् वह प्रतापी सम्राट हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### वन खण्डेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बिठूर।** महाशिवरात्रि के चलते बिठूर ब्रम्हावर्त घाट, गुदारा घाट व पत्थर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तो ने गंगा स्नान कर बम बम भोले के साथ जलाभिषेक कर पूजा पाठ किया और भोले नाथ का श्रृंगार किया। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची और बाबा शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। वहीं भीड़ को नियत्रित करने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। वनखण्डेश्वर मंदिर में दोपहर में आरती और 56, व्यंजन का भोग लगाया गया। इसके बाद वहां पर मौजूद श्रद्धालुओं और भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर प्रबंधक सौरभ अवस्थी राजीव मेहरोत्रा, नीना मेहरोत्रा, मनोज, उषा, विजय प्रकाश बाजपेई पप्पू प्रियंका अवस्थी, शैलेश मिश्रा आर्यन चंद्र शुक्ला गौरव मिश्रा, अजीत मिश्रा।

### ककवन के मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**ककवन।** कस्बे के प्राचीन सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों का तांता लगा रहा। आजाद नगर मोहल्ले के समीप जोगेश्वर धाम पर कई दिनों से चल रही रासलीला के कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बे भर में शिव बारात का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

### शिव बारात में भक्तों ने लगाये हर-हर बम बम के जयकारे

**बिठूर।** महाकालेश्वर मंदिर से भक्तों ने शिव बारात निकाली। सैकड़ों श्रद्धालु भगवान शिव की बरात में नाचते गाते व बम बम भोले के जयकारे लगाते चल रहे थे। शिव बारात रानी लक्ष्मीबाई चौराहे से पत्थर घाट तक आई। बारात में भक्तों ने जमकर गुलाल उड़ाया। साथ भक्तों जमकर हर हर बमबम के जयकारे लगाये।

### फर्जी रजिस्ट्रेशन करा सरकारी केंद्र पर बिक्री किया धान

**चौबेपुर।** क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव के एक किसान के नाम से पंजीकरण करा फर्जी तरीके से धान की बिक्री की गई। जानकारी पर किसान ने मामले की पड़ताल शुरू किए जाने के साथ इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किए जाने की बात कही है। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मुहैया कराने के उद्देश्य से संचालित किए जाने वाले सरकारी केंद्रों पर किस तरह से हेराफेरी चल रही है, इसका ताजा मामला विकास खंड क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव में देखने को मिला। जहां फर्जी तरीके से पंजीकरण कराकर किसान के नाम से धान की बिक्री की गई। गांव निवासी प्रेम नारायण कटियार ने बताया कि गत दिवस गांव निवासी एक कैफे संचालक द्वारा उन्हें जानकारी हुई कि उनके नाम से पंजीकरण करा कर 124 .89 क्विंटल धान की बिक्री की गई है। जानकारी दी कि उन्होंने कई वर्षों से धान फसल का उत्पादन नहीं किया है। बावजूद इसके उनके नाम से पंजीकरण करा कर अवैध ढंग से धान की बिक्री की गई। बताया कि पंजीकरण में न तो उनका आधार नंबर लगा हुआ है, न ही मोबाइल व बैंक अकाउंट नंबर दर्ज है। वहीं इस बाबत जानकारी पर एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित ने बताया कि उन्हें इस बात कोई जानकारी नहीं मिली है। मामले की पड़ताल कराई जाएगी।



चौबेपुर में शोभा यात्रा में निकलतीं भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियां। अमृत विचार

## शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**चौबेपुर।** कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतार-प्रसाद वितरित किया।

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 80वां वार्षिकोत्सव 4 फरवरी को रामचरितमानस के साथ शुरू हुआ था। तत्पश्चात दिन के समय आचार्य संतोष जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का वर्णन व रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया गया। शनिवार को हनुमान जी के सिंदूर बंदन व भव्य झांकी प्रस्तुत किये जाने के बाद रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव के पूजन अर्चन के पश्चात विशाल शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा जीटी रोड से होते हुए बंदी माता तिराहा तक गई। शोभा यात्रा में भगवान के स्वरूपों शिव -पार्वती, राधा-कृष्ण, राम-सीता व हनुमान जी की झांकियों ने मन मोह लिया। इस दौरान संगीत की तेज धुन पर थिरक रहे भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह जगह जलपान की व्यवस्था कराई।

## भोले की बारात में जिपं अध्यक्ष और विधायक बनीं बाराती

घाटमपुर। घाटमपुर में अद्भुत शिव बारात को लेकर जगह-जगह जागरण आदि के कार्यक्रम हुए। घाटमपुर मुख्य चौराहे पर गुड्डू पंडित, ऋषि शुक्ला, रामू पंडित आदि के संयोजन में शिव बारात के स्वागत हेतु मंच सजाया गया था। मंच में शिव पार्वती विवाह के अवसर पर कलाकारों के साथ साथ जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक सरोज कुरील, भाजपा नेत्री अंजली तिवारी ने दूल्हा बने भोले बाबा की पूजा अर्चना की।



शिव बारात में मौजूद जिपं अध्यक्ष और विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

**महाशिवरात्रि : शिवालयों में भोर पहर से देररात तक भक्तों की लगी रहीं कतारें, जगह-जगह हुए भंडारे**

# शिव बारात में जमकर झूमे श्रद्धालु, उड़ाया गुलाल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर रविवार को कस्बे के पुराना अस्पताल रोड स्थित बारीश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकली। शिव बारात में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारों से पूरा माहौल गूंजता रहा। मुख्य मार्गों से होते हुए शिव बारात कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंची, जहां जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। मंदिर परिसर में भगवान शिव और पार्वती के विवाह का मंचन हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कूष्मांडा देवी मंदिर में शिव-पार्वती का विवाह संपन्न होने के बाद बारात वापस लौटकर बारीश्वर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शिव बारात में घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा जिला महामंत्री अंजलि तिवारी शामिल रही।

कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल वारसी शुक्ला, एमएलसी अरुण पाठक आदि लोग मौजूद रहे। वहीं शिव बारात की अद्भुत छटा देखने ही बन रही थी।

पूरे रास्ते युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। पैदल चल रहे युवक व लड़कियां लहराते केसरिया झंडे लिए चल रहे थे।



घाटमपुर में शिव बारात में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### जगह-जगह स्टॉल लगाकर भंडारा व ठंडाई बांटी गई

- **शिवराजपुर।** शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारा, ठंडाई और पानी के स्टॉल लगाए गए। मुख्य चौराहे से कूष्मांडा देवी मंदिर तक लगे स्टॉलों पर भक्तों की भीड़ रही।

### शिव हरी धाम में विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शिव हरी धाम मदनपुर स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व को लेकर सुबह से ही हजारों की संख्या में शिव भक्त पहुंचे और कतार में लगकर भगवान भूतेश्वर महादेव के दर्शन किए। महाशिवरात्रि पर्व मे प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी यहां पर शिव बारात निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल रहे। शिव बारात, बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर से मदनपुर गांव होते हुए बिच्छीपुर होते हुए पुन : शिव हरी धाम पहुंची जहां पर खन्ना एंड पार्टी के द्वारा आयोजित जागरण का लोगों ने आनंद लिया। यहां पर चल रहे भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर मंदिर ट्रस्टी के द्वारा सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराने के लिए कई स्थानों पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी।



घाटमपुर में बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते एसडीएम व तहसीलदार ।

### एसडीएम व तहसीलदार ने बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा - अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**घाटमपुर।** एसडीएम अविचल प्रताप सिंह व तहसीलदार अंकित पाठक शिव हरि धाम स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और दर्शन कर पूजा अर्चना की। बाद में वहां पर चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



शोभायात्रा में सजी झांकी।



बजरंगबली के रूप में मौजूद कलाकार।

## बिल्हौर में शिव बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत

- **ओंकारेश्वर सेवा समिति के सदस्यों ने निकाली शोभायात्रा**
- **प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उतारी आरती**

**बिल्हौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बिल्हौर कस्बा पूरी तरह शिवमय नजर आया। ओंकारेश्वर सेवा समिति द्वारा बीते 14 वर्षों से अनवरत आयोजित की जा रही भव्य 'शिव बारात' में इस बार जन सैलाब उमड़ पड़ा।

बारात में शामिल दर्जनों कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कहीं शिव-पार्वती के अलौकिक रूप के दर्शन हुए, तो कहीं राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने लोगों का दिल जीत लिया। बारात की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धर्म ध्वजा लिए दो ऊंटों की सवारी सबसे आगे चल रही थी, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

शिव बारात का शुभारंभ कस्बे के शनि धाम मंदिर से हुआ। यहाँ से शुरू होकर बारात कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभानपुर पहुँची, जहाँ इसका भव्य समापन किया गया। पूरे मार्ग के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। नगर पालिका चौराहे पर बारात का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, धीरेंद्र जिला प्रचारक , सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई सहित तमाम गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर बारात का अभिनंदन किया।

वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अपनी आस्था प्रकट की। उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित, एसीपी मंजय सिंह और थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बारात में शामिल भगवान शिव के स्वरूपों का स्वागत किया और उनकी आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## शिवराजपुर के मंदिरों में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब, दिखा उत्साह

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को खेरेश्वर गंगा घाट पर भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने पहले गंगा में डुबकी लगाई फिर बाबा शिव की पूजा अर्चना की।

महाशिवरात्रि पर्व पर महिला, पुरुष और बच्चे श्रद्धालुओं ने खेरेश्वर घाट पर हर-हर गंगे बम बम भोले के जयकारों के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद घाट किनारे मौजूद पंडा पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया । इसके बाद गंगा तट के शिव मंदिरों एवं खेरेश्वर ,दूधेश्वर ,कालेश्वर, नागेश्वर ,अश्वत्थामा आदि शिव मंदिरों में भक्तगण जलाभिषेक दुग्धाभिषेक एवं चंदन अक्षत पुष्प फल मिष्ठान आदि अर्पित करके अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु पूजा अर्चना की। खेरेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए महिलाओं और पुरुष की अलग-अलग लाइन लगाई गई थी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।



महाशिवरात्रि पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार



खेरेश्वर मंदिर का निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने खेरेश्वर मंदिर एवं गंगा घाट का किया निरीक्षण

**शिवराजपुर।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को सुबह पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी खेरेश्वर मंदिर एवं गंगा घाट पहुंचे एवं बारीकी से स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में जिला अधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह एसडीएम बिल्हौर के साथ खेरेश्वर मंदिर पहुंचे और मंदिर का निरीक्षण निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग की समीक्षा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी बिल्हौरसंजीव दीक्षित तहसीलदार थाना प्रभारी अमित सिंह आदि मौजूद रहे ।

## सोना व कैंधा में मेले और भंडारे का हुआ आयोजन

संवाददाता, कल्याणपुर

- **मेले में क्षेत्र के हजारों लोग पहुंचे और जमकर की खरीदारी, साथ ही वहां चल रहे भंडारे में लिया प्रसाद**

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र पंचायत कल्याणपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोना के ठाकुर प्रसाद पुरवा में भव्य मेले का आयोजन किया गया।

वहीं ग्राम पंचायत कैंधा स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कल्याणपुर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने पहुंचकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया और क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सोना सत्येंद्र गुप्ता, मंडल महामंत्री सुनील सिंह, योगेन्द्र पांडे, बलवीर सिंह, प्रदीप चौहान, नमन गुप्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मेले में बच्चों और महिलाओं की विशेष सहभागिता रही, वहीं भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा।



मंदिर में पूजा - अर्चना करते भक्त । अमृत विचार

## पीडब्ल्यूडी की भूमि से हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के अभियान के तहत शनिवार को ग्राम बरौली में बड़ी कार्यवाई की गई। यहां पीडब्ल्यूडी की बेशकीमती भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने बलपूर्वक हटवा दिया।

ग्राम बरौली स्थित गाटा संख्या 650 (कुल रकबा 1.0967 हेक्टेयर) लोक निर्माण विभाग के नाम दर्ज है। इस भूमि के लगभग 200 वर्ग मीटर हिस्से पर गांव के ही उपेंद्र कटियार द्वारा लंबे समय से घूरा (कचरा) डालकर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। अतिक्रमण की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार बिल्हौर की गरिमामयी उपस्थिति में राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए अवैध कब्जे को पूरी तरह हटवा दिया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। विभाग द्वारा जमीन पर अपना स्वामित्व दर्शाने के लिए मौके पर सूचना पट्ट भी लगा दिया गया है।



अतिक्रमण स्थल पर लगाया गया बोर्ड।

**आयोजन** | **दयानंद बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद इंटर कालेज में हुआ विदाई समारोह का आयोजन**

## विदाई समारोह में भावुक हुए छात्र और शिक्षक

संवाददाता, घाटमपुर

- **छात्रों ने अपने-अपने संस्मरण एक दूसरे से किये साझा**
- **शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की दीं शुभकामनायें**

**अमृत विचार।** घाटमपुर के दयानंद बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलेज कुड़नी के 10वी एवं 12 वीं के छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन हुआ। इस दौरान यहां पर प्रबंध तंत्र शिक्षकों के साथ साथ घाटमपुर विधायक सरोज कुरील भी उपस्थित रहीं। विदाई समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्रों ने अपने अपने संस्मरण भी सुनाये।

विदाई समारोह के दौरान सभी छात्रों ने विद्यालय के अपने अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किये। इसके बाद सभी छात्रों को प्रवेश पत्र वितरित किए गए तथा परीक्षा के लिये पेन वितरित किए गए। छात्रों ने अत्यंत हर्षोल्लास के साथ अपना विदाई समारोह मनाया। इस अवसर पर इंजीनियर सत्य प्रकाश कुरील के अतिरिक्त विधायक सरोज कुरील तथा प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के कानपुर नगर जिला प्रभारी ने बच्चों को परीक्षा में अपने तनाव को कम करने तथा अच्छे अंक प्राप्त करने के गुण बताए। साथ ही परीक्षा से संबंधित तमाम जानकारियां भी दीं और कहा कि परीक्षा को एक उत्सव की तरह मानें। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के दौरान सभी प्रवक्ता विष्णु कुमार तिवारी, समरजीत सिंह, अरुण कुमार, मनोरमा, राजेश सिंह, रमेश कुमार, प्रशांत कुमार, ऋषि सर, रोहित गुप्ता, शिवम वर्धन एवं विद्यालय स्टॉफ़ राजकिशोर, संजय कुमार, हरिश्चंद्र, राम सजीवन, ममता एवं क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।



विदाई समारोह में मौजूद छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

## करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**बिल्हौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरंडा में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां आलू लादते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 18 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बरंडा निवासी छुन्ना का 18 वर्षीय पुत्र सूरज गौतम नेहरू विद्यापीठ इंटर कॉलेज का छात्र था, गांव के ही नन्हे कटियार के यहां ट्रैक्टर पर आलू लादने का काम कर रहा था। काम के दौरान सूरज अचानक ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि वह करीब 10 मिनट तक तारों से चिपका रहा और फिर नीचे गिर गया। परिजन सूरज को लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉ. शोएब ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई दीपक और बहन रचना समेत पूरे परिवार में इस घटना से चीख-पुकार मच गई।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


### प्रमुख सचिव आवास करेंगे परीक्षण, मुख्यमंत्री योगी पहले ही दे चुके हैं सैद्धांतिक सहमति

# बुनियादी सुविधाओं के साथ मिलेगा सुनियोजित विकास

**मास्टर प्लान-2031**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** योगी सरकार के बजट में शहर के समग्र विकास के लिए खास पैकेज या घोषणाओं की उम्मीद पूरी नहीं होने का सारा मलाल कानपुर मास्टर प्लान-2031 से दूर हो जाएगा। इसमें उन सभी योजनाओं और बिंदुओं को एड्रेस किया गया, जिनकी आधुनिक और सुनियोजित कानपुर के लिए जरूरत है। केडीए ने पिछला मास्टर प्लान-2021 करीब 42 लाख आबादी को लेकर 32,080 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बनाया था। इसके मुकाबले नया मास्टर प्लान 52 लाख से ज्यादा आबादी के लिए 58,078 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि पर बनाया गया है। इसमें केडीए ने अपनी सीमा के 85 व अकबरपुर के 58 गांवों सहित कुल 386 गांवों को जोड़ा है, तो शुक्लागंज, बिठूर और अकबरपुर भी शामिल हैं।

नए मास्टर प्लान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सैद्धांतिक सहमति के साथ काम आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख सचिव आवास के पास फाइल भेजने के लिए निर्देशित भी कर दिया है। इससे माना जा रहा है कि कानपुर मास्टर प्लान-2031 को जल्दी ही मंजूरी मिल सकती है।

मास्टर प्लान 2031 पास होने से शहर के बढ़ते दबाव, बढ़ती आबादी और जरूरतों के हिसाब से इंतजाम किए जा सकेंगे। केडीए की नयी योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरेंगी। इससे अनियोजित कॉलोनियों पर रोक लगेगी। लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने से आधुनिक और व्यवस्थित शहर का स्वरूप मिलेगा।

प्लान के तहत 40 प्रतिशत जमीन पर सड़क, अस्पताल, शिक्षण संस्थान के अलावा अन्य सरकारी संस्थान, पार्क व फुटपाथ बनाए जाएंगे। 60 प्रतिशत जमीन पर आवासीय और व्यावसायिक निर्माण होंगे।



प्रतीकात्मक फोटो।

**60%** भूमि पर आवासीय व व्यावसायिक निर्माण, 20 फीसदी में हरियाली व खुले स्थान

**40%** जमीन पर सड़क, अस्पताल, शिक्षण संस्थान व सरकारी संस्थान, पार्क व फुटपाथ बनाए जाएंगे


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


### लैंड यूज बदलाव ड्राफ्ट में निहित

- नए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में लैंड यूज बदलाव का प्रस्ताव शामिल है। इससे कृषि जमीन होने के कारण ग्रेटर कानपुर, उचटी (अटल ) योजना और चकेरी में एरो सिटी की स्थापना में कठिनाई खत्म हो जाएगी। चकेरी, रूमा, कुलगांव, उचटी, सनिगवां, चकेरी में तमाम क्षेत्र कृषि है। इससे योजना लाने के पहले लैंड यूज बदलना पड़ता। न्यू कानपुर सिटी योजना को भी अब कई फेज की बजाय एक साथ लांच किया जा सकेगा। यहां करीब 36 हेक्टेयर जमीन कृषि होने से केडीए को योजना लाने में दिक्कत थी। अब जल्दी ही पूरी योजना सामने आ आएगी। माती का भी लैंड यूज बदलकर आवासीय योजना लाने का प्रस्ताव है।

### चौड़ी सड़कें, हरियाली पर ध्यान

- यातायात जाम की समस्या के हल के लिए मास्टर प्लान 2031 में ट्रैफिक व ट्रांसपोर्ट के लिए 12.75 फीसदी यानि 7406.59 हेक्टेयर भूमि रखी गई, ताकि चौड़ी और दोनों तरफ पर्याप्त जगह छोड़ते हुए सड़कें बनाकर वाहन सवारों को अलग-अलग लेन में व्यवस्थित किया जा सके। प्रदूषण नियंत्रण के लिए मास्टर प्लान में आवासीय के बाद सबसे अधिक 18.89 फीसदी एरिया हरियाली व खुले स्थल के लिए रखा गया है। इस तरह 10970.92 हेक्टेयर भूमि पर ग्रीन बेल्ट, पार्क, प्ले ग्राउंड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



**बम-बम** घाटमपुर में महाशिवरात्रि पर पुराना अस्पताल रोड स्थित बारीश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकली।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कानपुर।** काकादेव में पैदल युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। प्रताप सिंह का हाता निवासी 35 वर्षीय रमेश मजदूरी करते थे। परिजनों ने बताया कि रमेश तीन भाइयों में छोटा था। शुक्रवार रात वह चार खंभा चौराहा के पास पैदल जा रहा था, तभी पीछे से आए किसी वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रमेश को सूचना पर परिजनों ने हैलट में भर्ती कराया। जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। काकादेव पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### व्हाट्सएप कॉल मैसेज कर परेशान कर रहा युवक

**कानपुर।** चकेरी निवासी महिला के अनुसार बीती 24 जनवरी से उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक अंजान नंबर से कॉल व मैसेज आ रहे हैं। फोन करने वाला युवक अश्लील बातें करता है। विरोध पर गाली-गलौज धमकाता है। पीड़िता ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि कॉल और मैसेज करने वाला युवक नई दिल्ली के न्यू मोतीबाग निवासी अमित यादव है। युवक से परेशान होकर महिला ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बैंककर्मी का पर्स लूटकर भागा ऑटो चालक

**कानपुर।** रेलबाजार में टाटमिल चौराहा के पास किराया देने के लिए एक बैंककर्मी ने जेब से पर्स निकाला तो ई-ऑटो चालक छीनकर भाग निकला। पीड़ित बैंककर्मी ने रेलबाजार पुलिस से शिकायत कर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ सिविल लाइंस निवासी आशीष कुमार के अनुसार वह परिवार के साथ सतबरी रोड पर किराए पर रहते हैं। वह बड़ा चौराहा स्थित एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा में कार्यरत हैं। आशीष ने बताया कि बीती तीन फरवरी को वह बैंक के काम से रावतपुर गए थे। जिसके बाद ई-ऑटो से घर जाने के लिए निकले। टाटमिल चौराहा पर पहुंचने पर ऑटो से उतरने के बाद पर्स निकालकर किराया देने लगे। तभी चालक ने उनके हाथ से झपट्टा मारकर पर्स लूटा और भाग निकला।

# कल सूर्य ग्रहण, भारत पर असर नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दृश्यमान नहीं होने से इसका कोई प्रत्यक्ष या धार्मिक प्रभाव यहां नहीं पड़ेगा
- किसी प्रकार का सूतक या सावधानी बरतने की आवश्यकता नहीं है

**अमृत विचार।** 17 फरवरी मंगलवार फाल्गुन अमावस्या को लगने वाला साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। दृश्यमान नहीं होने से इसका कोई प्रत्यक्ष या धार्मिक प्रभाव यहां नहीं पड़ेगा। इसके कारण भारत में सूतक काल (अशुभ अवधि) लागू नहीं होगा और मंदिरों के कपाट खुले रहेंगे।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज द्विवेदी ने बताया कि लोग सामान्य दैनिक दिनचर्या जारी रख सकते हैं। यह ग्रहण मुख्य रूप से दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों, अंटार्कटिका और दक्षिण अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3:26 बजे शुरू होकर शाम 7:57 बजे समाप्त होगा। मान्यता के अनुसार सूतक वहीं मान्य होता है जहां ग्रहण दिखाई दे। भारत में न दिखने के कारण, यहां किसी प्रकार का सूतक या सावधानी बरतने की आवश्यकता नहीं है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहण को ऊर्जा परिवर्तन का समय माना जाता है। इस दौरान ग्रहों की स्थिति मानव मन प्रकृति और सामाजिक घटनाओं को प्रभावित करती है।

### होलिका दहन पर चंद्र ग्रहण

- चंद्र ग्रहण 3 मार्च होलिका दहन के दिन लगेगा। चंद्रग्रहण भारत में पूर्ण रूप से दिखाई देगा और इसका सूतक काल भी मान्य होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण अक्सर देश-दुनिया में सत्ता संघर्ष, राजनीति में बड़े बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं (जैसे बाढ़ या भूकंप) का संकेत माना जाता है।

# सीएसए विवि में छात्र गुटों में टकराव, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शनिवार देर रात दो छात्र गुटों में संघर्ष हो गया। बवाल इतना बढ़ा कि विवि प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी। बताया गया कि टकराव के दौरान 4 छात्रों को चोंटे आईं हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है। हंगामे के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन सोमवार को कमेटी बुलाकर जांच करने जा रहा है।

सीएसए विवि में मारपीट की यह घटना एग्री बिजनेस मैनेजमेंट (एबीएम) व पीएचडी के छात्रों के बीच हुई। रात के अंधेरे में छात्र विश्वविद्यालय परिसर में आमने-सामने हुए। छात्रों के दो गुट में हुए हंगामे के दौरान पूरे विश्वविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्र गुटों के बीच हुए टकराव से हॉस्टल मे रह रहे अन्य छात्र भी भयभीत रहे। छात्रों के बीच मारपीट के दौरान चार छात्र घायल हुए। इस बीच विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी मामले को शांत कराने में जुटे रहे। मामला बढ़ता देख पुलिस को भी बुलाना पड़ा। घटना के बाद देर रात तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से निगरानी बरती गई। पूरे मामले पर डीएसडब्लू मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के तुरंत बाद परिसर में मौजूद सुरक्षा कर्मी व पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया था। छात्रों को समझा कर शांत कर दिया गया है। माहौल न बिगड़े इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। सोमवार को कमेटी पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी। कमेटी के सदस्य घटना की रात का सीसीटीवी फुटेज भी देखेंगे। सीसीटीवी के जरिए आरोपी छात्रों की पहचान भी की जाएगी। कमेटी के सदस्य हंगामे में शामिल छात्रों से भी सीधे बातचीत करेंगे।

### छात्रों ने बनाए वीडियो

- विश्वविद्यालय के छात्रों की ओर से पूरी घटना का वीडियो बनाकर वायरल भी किया। इस वीडियो में छात्र एक दूसरे से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में छात्र अपनी चोटें दिखा रहे हैं। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडिया की पुष्टि नहीं करता है।




विजय नगर में समारोह को संबोधित करते सांसद रमेश अवस्थी अमृत विचार

# विजय नगर से मार्ग का चौड़ीकरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विजय नगर चौराहे से एनएच-2 बाईपास तक 25.85 करोड़ से होगा काम

**अमृत विचार।** कालपी रोड के चौड़ीकरण कार्य का रविवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। विजय नगर चौराहे से एनएच-2 बाईपास तक सड़क मार्ग का चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 25.85 करोड़ रुपये से कराया जाएगा।

सांसद रमेश अवस्थी ने परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह मार्ग कानपुर शहर के प्रमुख आवागमन मार्गों में से एक है। प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यातायात सुगम होगा और जाम की समस्या में कमी आएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को इस परियोजना से बड़ी राहत मिलेगी। सड़क चौड़ी होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि परियोजना के अंतर्गत सड़क का विस्तार, सुदृढ़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था एवं आवश्यक यातायात संकेतों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे मार्ग आधुनिक और सुरक्षित स्वरूप में विकसित होगा।

यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और बेहतर यातायात व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। भूमि पूजन में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, नीरज गुप्ता, पार्षद नीरज रक्सेल, घनश्याम गुप्ता, सुमीत पावा, अजय राय, विजय पटेल, राघवेंद्र मिश्रा, वत्सेय त्रिपाठी, प्रशांत पाल मौजूद रहे।

# आवास आवंटन के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

संवाददाता, कल्याणपुर




- 2022 व 23 में कूटरचित दस्तावेज से कई लोगों को बनाया शिकार

**अमृत विचार।** लोगों को गरीब आवास योजना के तहत आवास आवंटन कराने का लालच देकर शातिरों ने उनसे लाखों की रकम हड़प ली। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद रावतपुर पुलिस ने शातिरों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

लाल कुर्ती छावनी निवासी मनोज कुमार के मुताबिक तीन वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात रावतपुर के मथुरा नगर निवासी करण चौहान से हुई थी। करण व उसके साथी अमित शर्मा ने उत्तर प्रदेश गरीब आवास योजना के तहत उसे कॉलोनी दिलाने की बात कही। साथ ही झांसे में लेने की बाद करन ने उनसे 2022 व 23 के मध्य विभिन्न मदों के जरिए उससे 10 लाख रुपये लेकर उसे फर्जी आवंटन पत्र थमा दिया। जानकारी करने पर उसे ज्ञात हुआ कि करण व अमित शर्मा अपने दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पहले भी गरीब आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से लगभग साढ़े छह लाख की ठगी कर चुके हैं।

जिससे संबंधित मामले न्यायालय में विचाराधीन है। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**परीक्षण** जल्द ही कानपुर-दिल्ली के मध्य 160 किमी रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

# 20 कोच वाली वंदेभारत को 160 की रफ्तार से दौड़ाया

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** अब दिल्ली दूर नहीं, ये कहावत जल्द ही चरितार्थ होने जा रही है क्योंकि सबसे तेज चलने वाली 20 कोच वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाकर परीक्षण किया जो पूरी तरह सफल रहा। ये परीक्षण टूंडला से दादरी के मध्य किया गया। कानपुर से दिल्ली के मध्य कई स्थानों पर परीक्षण हो चुका है, अब जल्द ही 160 किमी की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी।


उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्ग दर्शन में रेल संरक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रयागराज मंडल के टूंडला-दादरी खंड पर स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ''कवच'' का 160 किमी प्रित घंटा की उच्च गति पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 160 किमी/घंटा की गति पर ''कवच'' के गति पर्यवेक्षण और स्वचालित ब्रेकिंग हस्तक्षेप का सटीक परिणाम प्राप्त हुआ। बताते चलें कि कानपुर से दिल्ली के मध्य 160 किमी की गति से ट्रेनों को दौड़ाने के लिए ट्रैक के दोनों ओर स्लीपर की दीवार खड़ी कर दी गई है ताकि कोई जानवर ट्रैक पर नहीं आ सके।

**वंदेभारत के बाद अब मेल एक्सप्रेस का परीक्षण:** वंदे भारत के साथ सफल परीक्षण के बाद अब पारंपरिक कोच संयोजनों के साथ इस प्रणाली को परखा जाएगा। आगामी 16, 17 और 18 फरवरी को शक्तिशाली मेल एक्सप्रेस के इंजन डब्लूएपी-5 व डब्लूएपी 7 विद्युत इंजनों के साथ विस्तृत परीक्षण करने की घोषणा की गई है।यह तकनीक न केवल मानवीय भूलों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकेगी, बल्कि घने कोहरे और खराब मौसम में भी ट्रेनों के सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन में मील का पत्थर साबित होगी।

### परीक्षण के दौरान इन पर ध्यान केंद्रित

इन व्यापक परीक्षणों का उद्देश्य प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन से पूर्व संरक्षा के उच्चतम वैश्विक मानकों को सुनिश्चित करना है। परीक्षणों के दौरान निम्नलिखित प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

- **लूप लाइन गति नियंत्रण परीक्षण:** स्टेशन की लूप लाइन पर ट्रेन के प्रवेश करते समय ट्रेन की गति को सुरक्षित सीमा के भीतर स्वत: नियंत्रित करना।
- **एसपीएडी रोकथाम:** ''''सिग्नल पासिंग एट डेंजर'''' (सिग्नल तोड़ना) जैसी घटनाओं को रोकने की प्रभावशीलता का सत्यापन।
- **विफलता परिदृश्य:** स्टेशन-से-स्टेशन एवं लोको संचार विफलता और आर एफ आई दी टैग की अनुपस्थिति जैसी कठिन परिस्थितियों में सिस्टम की प्रतिक्रिया।
- **ऑटो-व्हिसलिंग:** समपार फाटकों पर स्वचालित रूप से सीटी बजाने की सुविधा का परीक्षण।




# बार एसोसिएशन चुनाव के चलते कल शहर में कई जगह बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर बार एसोसिएशन चुनाव के चलते 17 फरवरी को प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक यातायात विभाग ने रूट डायवर्जन किया है।

◦ टैफ्को तिराहा एवं मर्चेण्ट चैम्बर की तरफ से आने वाले वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से वीआईपी रोड होकर डीएवी तिराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से बायें मुड़कर पुष्पेन्द्र चौक (यूनियन बैंक तिराहा) से दाहिने मुड़कर ग्रीनपार्क स्टेडियम से पीछे वाले मार्ग से होते हुए डीएवी तिराहा से वीआईपी रोड से गोरा कब्रिस्तान के पीछे होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से मधुवन तिराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।

◦ सिलबर्टन तिराहा की तरफ से आने वाले वाहन एमजी कॉलेज चौराहे से मधुबन तिराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन एमजी कॉलेज से बायें मुड़कर ग्रीनपार्क चौराहा से पुष्पेन्द्र चौक (यूनियन बैंक तिराहा) से दाहिने मुड़कर अपने गन्तव्य को जाएंगे।

◦ फूलबाग चौराहा की तरफ से आने वाले समस्त वाहन मेघदूत तिराहा से वीआईपी रोड सरसैया घाट की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहा से बड़ा चौराहा से सीधे परेड चौराहा से बायें मूलगंज, सीधे चुन्नीगंज व दाहिने ग्रीनपार्क व एमजी कॉलेज होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

◦ बड़ा चौराहा से कोई भी वाहन चेतना चौराहा, सरसैय्या घाट व वीआईपी रोड़ की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बड़ा चौराहा से मेघदूत व परेड चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

◦ चेतना चौराहा से अधिवक्तागणों के वाहन पुलिस ऑफिस से आगे मधुबन तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन पुलिस ऑफिस से दाहिने मुडकर तिकोनियां पार्क की तरफ अपने वाहन पार्क करेंगे।

◦ म्योरमिल तिराहा से वाहन भार्गव चौराहा नहीं जायेंगे।

### यहां पार्क करें अपने वाहन

- जेएनके इण्टर कॉलेज (चेतना चौराहा के पास)
- गैस गोदाम ग्राउंड (लड्डा कोठी के पास)
- नगर निगम इण्टर कॉलेज (एमजी कॉलेज चौराहा के पास)
- मधुबन तिराहा के बगल में डीएवी कालेज ग्राउण्ड
- मकराबर्टगंज हॉस्पिटल पार्किंग (मर्चेन्ट चेम्बर के सामने)

## सिटी ब्रीफ

### फुटपाथ पर बैठे सेवानिवृत्त फौजी की हार्ट अटैक से मौत

**कानपुर।** जाजमऊ चुंगी चौराहा के पास रविवार सुबह साइकिल खड़ी कर फुटपाथ बैठे 75 वर्षीय सेवानिवृत्त फौजी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की। शिनाख्त के बाद परिजन शव लेकर चले गए। पुलिस के अनुसार हार्ट अटैक की बात सामने आई है। ओमपुरवा निवासी 75 वर्षीय शब्बीर हुसैन तीस साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। उनका एक और मकान उन्नाव के अखलाकनगर में है। वह अक्सर देखरेख करने जाते थे। रविवार सुबह वह अखलाकनगर मकान पर किराया लेने गए थे। साइकिल से लौटते समय जाजमऊ चुंगी के पास साइकिल खड़ी कर फुटपाथ पर बैठ गए। फिर वहीं लेट गए और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने जांच की।

### ठेकेदार ने 2.70 लाख रुपये हड़पे


**कानपुर।** नजीराबाद में युवक ने मकान निर्माण के नाम पर ठेकेदार पर 2.70 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। ठेकेदार के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामकृष्णा नगर निवासी अविनाश कुमार दीक्षित ने बताया कि रावतपुर निवासी गणेश नामक युवक को मकान निर्माण व रेलिंग लगाने का ठेका दिया था। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग कर काम अधूरा छोड़ दिया।

# एआई, चैट जीपीटी से दवा पूछना खतरनाक

## एआई का बेवजह उपयोग नुकसानदायक, बढ़ सकती बीमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

### बिना डॉक्टरी सलाह के दवा सेवन से अंग हो सकते फेल



विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि एंटी रेट्रोवायरल दवाओं का बिना देखरेख के इस्तेमाल जानलेवा हो सकता है। इससे अंगों के फेल होने और क्रॉनिक जटिलताएं भी ट्रिगर कर सकती है। किसी भी बीमारी में, चाहे वो हल्का सर्दी व जुकाम ही क्यों न हो बिना डॉक्टरी सलाह के खुद से कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। डॉ.गौरव के मुताबिक हर दवा, हर व्यक्ति के शरीर पर अलग-अलग तरह से असर करती है। यह असर उम्र, वजन, पहले से मौजूद बीमारियों और दूसरी चल रही दवाओं पर निर्भर करता है। डॉक्टर इन सभी बातों को ध्यान में रखकर दवा लिखते हैं।

**अमृत विचार।** अगर आपको किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण नजर आ रहे हैं या कोई बीमारी है और बिना डॉक्टर के परामर्श के आप एआई या चैट जीपीटी के माध्यम से उस बीमारी की दवा सर्च करते हैं। इसके बाद उस दवा का सेवन करते हैं तो ऐसे में सावधानी बरतने की खास जरूरत है। क्योंकि बिना डॉक्टर से परामर्श लिए दवा का सेवन करने से गंभीर समस्या हो सकती है। एआई व चैट जीपीटी सिर्फ जानकारी दे सकता है, सटीक परिणाम नहीं दे सकता है। क्योंकि वह डॉक्टर नहीं है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्रयागराज से आए डॉ.आलोक मुखर्जी ने बताया कि एआई का उपयोग काफी बढ़ गया है। एआई का उपयोग कई जगहों पर काफी अच्छा हो रहा है। लेकिन मेडिकल क्षेत्र में अब कुछ ऐसे भी मामले देखने को मिल रहे हैं कि लोग डॉक्टर से पहले एआई पर भरोसा कर लें रहें हैं। किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण नजर आने या बीमारी का भ्रम होने पर ही कुछ लोग एआई या चैट जीपीटी से उस बीमारी के लक्षण व इलाज के संबंध में पूछताछ तक रहे हैं। बीमारी से मिलते-जुलते लक्षण नजर आने पर वह बिना डॉक्टर के परामर्श से खुद एआई से पूछकर उसका इलाज भी करने लगते है। नतीजतन तबीयत सही होने की जगह और बिगड़ जा रही है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली में देखा गया है, जहां पर 45 वर्ष के एक व्यक्ति ने एआई चैटबॉट से सलाह लेने के बाद बिना डॉक्टर से परामर्श लिए एचआईवी पोस्ट-एक्सपोजर दवा ले ली। इस दवा का उसे गंभीर रिएक्शन इस कदर हुआ कि उसे आईसीयू में भर्ती कराना पड़ गया। लखनऊ से आए डॉ.गौरव कैथवास ने बताया कि डायबिटीज, थायराइड, बीपी व आदि के मिलते-जुलते लक्षण पर चैट जीपीटी से दवा पूछकर खाने से कुछ मरीजों में समस्या सामने आ चुकी है।

### पांच लाख रंगदारी मांगने में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** बेकनगंज में कारखाना संचालक से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी गई। विरोध पर मारपीट कर जान की धमकी दी। पीड़ित ने तीन सगे भाइयों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- बेकनगंज में रुपये न देने पर मारपीट कर दी जान की धमकी

सीसामऊ टेनरी कंपाउंड निवासी मो. नईम ने बताया कि कारखाने में चोरी होने पर बीती 14 दिसंबर को वह सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे थे। आरोप है कि तभी फहीमाबाद निवासी शहजाद, उसके भाई शहबाज, शहजेब, राकेश फुलवानी व यश फुलवानी मौके पर पहुंचे और नए लगे कैमरे उखाड़कर फेंक दिए। उन्होंने कैंपस में निगरानी के लिए कैमरे न लगवाने की चेतावनी दी। नईम का आरोप है कि 15 दिसंबर को टुकनियापुरवा चौराहा पास आरोपी ने उन्हें रोककर कैंपस में व्यापार न करने की भी धमकी दी। कहा कि अगर व्यापार करना है तो पांच लाख रुपये रंगदारी देनी होगी। मना करने पर आरोपी ने मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। बेकनगंज थाना प्रभारी मो. मतीन खान ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चे को दूध पीने में दिक्कत दिल से भी जुड़ी हो सकती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केजीएमयू लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.अवधेश ने दी जानकारी



डॉ.अवधेश कुमार शर्मा।

**अमृत विचार।** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में उत्तर प्रदेश चैप्टर ऑफ कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का 31वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रोफेसर डॉ.अवधेश शर्मा को दोबारा यूपी कार्डियक सोसाइटी की प्रदेश कार्यकारिणी परिषद का सदस्य नामित किया गया। यह कार्यकाल दो वर्षों तक होगा।

एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रोफेसर व यूपी कार्डियक सोसाइटी की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य डॉ.अवधेश कुमार शर्मा ने वार्षिक सम्मेलन में बच्चों के जन्मजात दिल के छेद पर जानकारी दी। कहा कि अगर दूध पीते समय या रोते समय बच्चे के होंठ, जीभ या नाखून नीले पड़ते हैं तो इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। साथ ही सांस लेने में तकलीफ या तेज सांस लेना, स्तनपान या बोतल से दूध पीने में जल्दी थक जाना, पसीना आना और वजन न बढ़ना या शारीरिक विकास धीमा हो रहा है तो इन लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह लक्षण बच्चे के दिल में छेद होने का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में बच्चे के अभिभावाकों की भी मेडिकल हिस्ट्री ली जानी जरूरी होती है। क्योंकि अगर परिवार में किसी को पहले से दिल की रोग है तो बच्चे को भी समस्या हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था के पहले ट्राइमेस्टर में मां को किसी प्रकार का संक्रमण, गर्भावस्था के समय शराब या मादक पदार्थों का सेवन और गर्भावस्था में बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं लेना या मां को अनियंत्रित मधुमेह होना व गर्भावस्था के दौरान फोलिक एसिड की कमी से भी बच्चे के दिल में छेद की समस्या हो सकती है। बता दें कि डॉ. अवधेश शर्मा कार्डियोलॉजिस्कल सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यपरिषद के भी सदस्य हैं।

### यह है दिल के छेद के लिए आधुनिक इलाज

- कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश शर्मा के मुताबिक कैथेटर-आधारित इंटरवेंशन आधुनिक तकनीक छोटे और मध्यम आकार के एएसडी या पीडीए दिल के छेद के लिए सर्वश्रेष्ठ इलाज है। तकनीक से बिना छाती खोले डिवाइस से छेद बंद कर दिया जाता है। पीडीए स्टेंटिंग 15दिन से कम उम्र के नवजात शिशुओं में जटिल स्थितियों में सर्जरी तक जीवित रखने के लिए स्टेंटिंग की जाती है। न्यूनतम आक्रामक सर्जरी तब की जाती है, जब छेद बड़ा है और डिवाइस से बंद नहीं हो सकता। तक डॉक्टर छोटी चीरे के माध्यम से ओपन-हार्ट सर्जरी करते हैं। वहीं, कुछ मामलों में हृदय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने या रक्तचाप को कम करने के लिए दवाओं का सहारा लिया जाता है।

# गंदे वीडियो देखते हो, जेल जाओगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एटीएम-सिम हथियाकर ठगी करने वाले जालसाज दबोचे
- शातिर लोन दिलाने का झांसा देकर भी लोगों को फंसाते

**10** एटीएम, पांच मोबाइल, सिम और साढ़े दस हजार रुपये बरामद

**अमृत विचार।** गोविंदनगर पुलिस ने झांसा देकर ठगी करने वाले दो शातिरों को दबोचा है। शातिर पीड़ितों का एटीएम व सिम हथिया लेते। फिर लोगों को कॉल कर खुद को पुलिस अधिकारी बताते। कहते शिकायत है कि बहुत अश्लील वीडियो देखते हो। जेल जाना पड़ेगा। इसके बाद रकम ऐंठते। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड, सिम, पांच मोबाइल और 10,500 रुपये बरामद किया है।

गोविंदनगर के अतिरिक्त निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को दबौली वेस्ट के रहने वाले सौरभ गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि कि बर्रा के एक रेस्टोरेंट में उसकी मुलाकात रवि नामक युवक से हुई। उसने लोन दिलाने के लिए एक नंबर दिया। जिससे बातचीत होने पर उसने विश्वास में ले लिया। भरोसा दिलाया कि काम हो जाएगा। इसके बाद उनका सिम व एटीएम मांगा। भरोसे में आकर उन्होंने सिम व एटीएम कार्ड दे दिया। उसने दो दिन बाद केवाईसी न होने की बात कहकर लौटा दिया। इसके बाद लखीमपुर से एक काल आई। फोन करने वाले ने बताया कि उसके खाते में उसके 30 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। चूक हुई है, पैसे वापस कर दें। नहीं तो पुलिस से शिकायत करेंगे। इस पर उन्हें फर्जीवाड़ा का संदेह हुआ। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर इटावा के भरथना चंदनपुर निवासी आरोपी राजा सिंह व रेऊना के समाज नगर निवासी राहुल सिंह को जैना पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह व्हाट्सएप, टेलीग्राम सहित अन्य एप के माध्यम से अनजान लोगों के नंबर जुटाकर लोन दिलाने का झांसा देते हैं।

इसके बाद एटीएम व सिम कार्ड किसी तरह हथिया लेते। उन्हीं सिमों से खुद पुलिस अधिकारी बताकर अश्लील वीडियो देखने के झूठे आरोप लगाकर लोगों को फंसाते। दबाव में आने व बदनामी के डर से लोग रुपये देते। रुपये भी उन्हीं के खाते में मंगाते, जो एटीएम देते थे। रुपये खाते में आने पर कोई बहाना बनाकर एटीएम व सिम वापस कर देते। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी की कार्रवाई की है।

### भारत की जीत पर जश्न



भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप मुकाबले में पाकिस्तान 61 रनों से रौंद कर सुपर आठ में जगह बना ली। भारत की इस जीत पर शहर में जगह-जगह जश्न मना। लोगों ने तिरंगा लहराकर आतिशबाजी की और नारे लगाए।

# बर्रा में नशेबाजों ने दरोगा को पीटा, पथराव किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क पर शराब पीने का विरोध किया था

**अमृत विचार।** बर्रा में नशेबाजों ने दरोगा को पीट दिया। भागने पर दौड़ाकर पथराव कर दिया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा है, दूसरे की तलाश में दबिश दी जा रही है। बर्रा थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया दो नशेबाज सड़क पर शराब पी रहे थे।

इस पर दरोगा संदीप कुमार सेन ने विरोध किया। टोकने पर युवकों ने अपशब्द कहे और दरोगा से मारपीट कर दी। दरोगा किसी तरह नशेबाजों से बचकर भागे तो दोनों ने दौड़ाकर पीछे से पथराव कर दिया। जिसमें कार टूट गई। दरोगा की सूचना पर पहुंची बर्रा पुलिस ने घेराबंदी की और एक आरोपी बर्रा आठ वरुण विहार निवासी संकल्प को दबोच लिया। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। बर्रा थाने में तैनात दरोगा संदीप कुमार सेन ने बताया कि शनिवार देर रात वह अकेले अपनी कार से जा रहे थे। थाने से मुख्य सड़क पर आने पर ठेके के बाहर दो युवक सड़क पर शराब पी रहे थे।

यह देख कार रोकी और उन्हें हटने को कहा तो युवक गालियां देने लगा। उसके पास पहुंचे तो हाथापाई कर दी। ईंट उठाकर मारा, जो सिर को छूते हुए गिर गई। वहां से निकलने लगे तो आरोपियों ने कार पर पथराव कर दिया, जिससे शीशे टूट गए।

# आईआईटी में टेक्नीशियन बेटी का शव देखकर रो पड़े परिजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन अंजू के परिजन पहुंचे पोस्टमार्टम
- घटना के बारे में मीडिया से कुछ भी बात करने से किया इनकार



पोस्टमार्टम हाउस पर बैठे अंजू के गमगीन परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन अंजू कुमारी के परिजन रविवार सुबह झारखंड से कानपुर व दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। वहां पहले से मौजूद आईआईटी के सुरक्षा गार्डों से घटना की जानकारी पाकर परिजन फफक पड़े। गुमसुम बैठे परिजनों ने मीडिया से बातचीत से मना कर दिया। झारखंड के जादूगोडा निवासी अंजू कुमारी का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन बेटी का शव देखकर फफक पड़े।

जादूगोडा पूर्व सिंह भूमि के यूसीआईएल सेक्टर-सी निवासी 29 वर्षीय अंजू आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन के पद पर तैनात थी। वह आईआईटी कैंपस में ही रहती थीं। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार अंजू ने शुक्रवार देर रात ऑफिस में काम किया, इसके बाद कैंपस में टाइप-एल रुम नंबर 102 चली गई थीं। शनिवार सुबह जब उसकी महिला सहयोगी कार्यालय जाने के लिए उसके रूम पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। कॉल करने व खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला तो सहयोगी ने इसकी जानकारी आईआईटी प्रशासन को दी। आईआईटी प्रशासन की सूचना पर एडीसीपी कपिल देव सिंह व कल्याणपुर थाने का फोर्स पहुंचे। दरवाजा तोड़कर पुलिसकर्मी अंदर दाखिल हुए तो महिला टेक्नीशियन का शव फंदे से लटका पाया। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए व मोबाइल कब्जे में लिया। डीसीपी वेस्ट एसएस कासिम आबिदी ने बताया कि जांच में पता चला कि अंजू की ओडिशा निवासी युवक से शादी तय थी। उसने वैलेंटाइन डे पर अंजू को कॉल किया था, लेकिन फोन नहीं उठा। इस पर नाराज मंगेतर का उससे विवाद हो गया। परेशान होकर अंजू ने यह कदम उठाया है। उसके कमरे में मिली डायरी भी पुलिस ने कब्जे में ली है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी। वहीं रविवार को अंजू की माता, पिता, भाई व बहने रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। घटना के संबंद्ध में उन्होंने मीडियो से कुछ भी बताने से मना कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# प्रेमिका से विवाद के बाद दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नशे की लत के चलते युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या
- ग्वालटोली व काकादेव में हुई घटनाएं, परिजनों में मचा कोहराम



अतुल कश्यप।

**अमृत विचार।** ग्वालटोली में वेलेंटाइन डे पर प्रेमिका से कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगा ली। वहीं काकादेव में शराब की लत के चलते परिजनों से युवक की कहासुनी हुई। इससे नाराज युवक ने फंदे पर लटककर जान दे दी।

अहिराना निवासी रामकुमार कश्यप का 25 वर्षीय बेटा अतुल मकानों में पीओपी का काम करता था। पिता मजदूरी करते हैं। चाचा शिवकुमार ने बताया कि अतुल का किसी युवती से प्रेम प्रसंग था। दोनों की बातचीत होती थी। वेलेंटाइन डे पर उसकी किसी बात पर प्रेमिका से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद नाराजगी में फोन काटने के बाद घर से बाहर चला गया। लौटने के बाद उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह पहले भी तीन बार जान देने का प्रयास कर चुका था। सूचना पर पहुंची ग्वालटोली पुलिस ने जांच की। ग्वालटोली थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

इसी तरह काकादेव के शास्त्रीनगर हंसनगर निवासी राजकुमार का 27 वर्षीय बेटा आशीष पासवान ई-रिक्शा चलाता था। परिवार में पत्नी काजल, बेटी दिव्यांशी, बेटा आदर्श हैं। परिजनों ने बताया कि आशीष नशे का लती था। परिजन उसके नशे का विरोध करते थे। इसी कारण परिजनों से उसका आएदिन विवाद होता था। शनिवार देर रात आशीष नशे में घर लौटा और कलह करने लगा। इसके बाद उसने परिजनों को कमरे से बाहर करके खुद को कमरे में बंद कर लिया। अंदर से कुंडी लगा ली। इसके दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी।

**दर्दनाक** बहन से कहकर निकला था कि वेलेंटाइन डे पर शादीशुदा प्रेमिका को साड़ी गिफ्ट करेगा

# प्रेमिका को गिफ्ट देने गया था युवक, ट्रैक किनारे पड़ी मिली लाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आदर्श शर्मा।



घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गए युवक का रेलवे ट्रैक के पास शव मिला। घर से निकलने के बाद युवक का मोबाइल स्विचऑफ हो गया। फिर डेढ़ घंटे बाद घरवालों को उसके मौत की खबर मिली। शादी वाले घर में कोहराम मच गया। युवक ने घर से निकलते समय बड़ी बहन से कहा था, किसी को बताना नहीं। उसके लिए साड़ी लाया हूं, वैलेंटाइन डे पर गिफ्ट दूंगा। परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस हादसा मान रही है।

जरौली फेस-टूट निवासी 25 वर्षीय आदर्श शर्मा इंडियन ऑयल के टैंकर पर क्लीनर था। पिता अरविंद की करीब 15 साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में मां शशि, दो बहने संध्या, सपना व छोटा भाई ऋषभ है। छोटी बहन सपना की शादी अभी बीती सात फरवरी को हुई थी। भाई के मौत की खबर पर वह घर आई है, जबकि बड़ी बहन संध्या शादी में आई थी। उसी से बताकर निकला था। चाचा कमलेश व मामा महेंद्र कुमार ने बताया कि सपना की औरैया ससुराल से 16 फरवरी को चौथी लेने जाना था। इसलिए शनिवार शाम आदर्श खरीदरी करने गया था। दोपहर 2.30 बजे बाजार से घर लौटा था। उसके बाद बाहर निकला था। परिजनों ने बताया कि आदर्श दो साल पहले फैक्ट्री में काम करता था। तभी उसका वहीं काम करने वाली युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। युवती की छह माह पहले ही शादी हो चुकी है, लेकिन उनकी मुलाकात होती रहती थी। चाचा ने बताया कि 14 फरवरी की शाम 5.30 बजे आदर्श मां की दवा लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन उसने बड़ी बहन संध्या से गुजैनी निवासी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने जाने की बात कही थी। उसने बहन से कहा कि उसे वैलेंटाइन डे पर साड़ी देगा। जिसे वह खरीद लाया है। किसी को बताना नहीं, एक घंटे में आऊंगा। घर से निकलते ही उसने अपने दोस्तों से भी प्रेमिका से मिलने जाने की बात बताई थी। रात करीब नौ बजे आदर्श का शव दबौली वेस्ट स्थित खारजा नहर के पास रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। पुलिस को शव के पास उसके साथी शिवम का आई कार्ड मिला। पुलिस ने उसे फोन किया। फिर उससे नंबर लेकर आदर्श के भाई को हादसे की जानकारी दी। परिजनों ने उसकी हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है।

### डेढ़ घंटे स्विचऑफ रहा फोन

- आदर्श के चाचा श्यामू ने बताया कि उन्होंने करीब साढ़े सात बजे उसे फोन किया था। तब उससे बात हुई। उन्होंने कहा कि खाना खाने के लिए सभी लोग बैठे हैं, जल्दी आओ। इस पर हां कहा था। इसके 10 मिनट बाद फोन किया तो मोबाइल स्विचऑफ मिला। इसी बीच उसके साथ घटना हुई है।

### प्रेमिका के पति से हो चुका था झगड़ा

- आदर्श के परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले भी वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। तब युवती के पति ने आदर्श को पकड़ लिया था। झगड़ा हुआ था। उसने धमकाया था। आरोप है कि उसका पति पत्नी पर नजर रख रहा था। आशंका जताई कि आदर्श फिर पकड़ा गया है और यह घटना हो गई।



समाधा आश्रम में भजनों पर झूमे भक्त। अमृत विचार

### संतान की प्राप्ति के लिए हवन, पूजन

**कानपुर।** समाधा आश्रम मर्दनपुरवा स्थित एकता पार्क में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पंडित विनोद शर्मा ने पूजन व कलश पूजन कराया। आश्रम के प्रांगण में 10 जोड़ों ने संतान प्राप्ति के लिए एवं 15 व्यक्तियों ने मनोकामना के लिए तीन दिन का हवन प्रारंभ किया। समाधा आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर लोगों ने शिरकत की। पूज्य सांई हरीश लाल जी ने भक्तों को आर्शीवाद दिया। नागपुर से आए गायक धरमदास ने भजन से भक्तों का मन मोहा। भोपाल से आए बिहारी लाल ने विचार रखे। रविवार को हजारों भक्तों ने आश्रम में स्थापित शिवलिंग पर पूजा की गई। खुशहाल दास, गोपी चंद, मुकेश, मनीष वसनदानी आदि थे।

## सिटी ब्रीफ

### पुलिस कमिश्नर ने पनकी थाने का किया निरीक्षण

**कल्याणपुर।** पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल व जेसीपी कानून एवं व्यवस्था विपिन ताडा ने रविवार को पनकी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हवालात, मालखाना, अभिलेखों का रख–रखाव, साफ–सफाई, सीसीटीवी, कम्प्यूटर कक्ष व दंगा–रोधी उपकरणों को देखा। साथ ही अभिलेखों को सही से रखने व व्यवस्थाओं को ठीक बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके बाद पनकी मंदिर पहुंचे, जहां व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर समीप ही अद्वितीय शिव मंदिर पहुंचकर कार्यक्रम में शमिल हुए।

### अभद्र टिप्पणी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री व महापौर के खिलाफ अभद्र टिप्प्णी करने पर भाजपा नेता ने साइबर सेल थाने में शिकायत कर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ककवन मंडल उपाध्यक्ष प्रियम द्विवेदी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रिषभ त्रिवेदी व अभिषेक शर्मा नामक आईडी से फेसबुक व एक्स पर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया। जिस पर अभद्र कमेंट किए जा रहे थे। आरोप है कि जितेंद्र कमल नामक फेसबुक आईडी से भी इसी तरह पोस्ट व कमेंट किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

### अभिव्यक्ति का आयोजन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में साहित्यिक महोत्सव अभिव्यक्ति का आयोजन हुआ। क्विज–ओ–मानिया में छह टीमों ने फाइनल में प्रतिस्पर्धा की। राइटर्स एरीना, जस्टए मिनट तथा नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम का समन्वयन सहायक आचार्या विधि कटियार, हेमलता निनोरिया, शैलजा सचान, मोहित अवस्थी एवं सहायक आचार्य ऋषि श्रीवास्तव ने किया।



नौबस्ता बम्बा से कर्रही रोड बदहाल है। अमृत विचार



वार्ड 21 खाड़ेपुर नई बस्ती में सड़क लापता। अमृत विचार

# दक्षिण की सड़कों पर अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

## वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी हो रहा मुश्किल, कई बार फिसल जाते लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दक्षिण क्षेत्र की सड़कों पर न तो जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही भाजपा के जनप्रतिनिधि मरम्मत व सड़क निर्माण कराने में कोई दिलचस्पी ले रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को क्षतिग्रस्त, गड्ढा व जलभराव युक्त सड़कों पर ही आवागमन करना पड़ रहा है। सड़कों का ऐसा हाल तब है, जब वर्ष 2027 में जनता को अपना फिर से विधायक चुनने हैं।

कानपुर दक्षिण क्षेत्र में नौबस्ता बम्बा से कर्रही रोड पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। यहां प्रतिदिन छोटे से लेकर बड़े वाहन दिन व रात दोनों समय गुजरते हैं। बावजूद इसके इस मार्ग की इतनी दुर्दशा है कि लोगों का पैदल तक चलना दूभर है। कई बार तो गड्ढों की चपेट में आने से ई-रिक्शा पलट तक जाते है। वहीं, खाड़ेपुर नई बस्ती में सफाई के अभाव में नाले व नालियां बजबजा रही है, जिसकी वजह से गंदा व बदबू दार पानी मार्ग पर भरा रहता है। इसके अलावा जरौली नाला रोड की सड़क की स्थिति भी काफी बेकार है। मार्ग पर न सिर्फ जगह-जगह गड्ढे हैं, बल्कि बजरी फैली हुई है। क्षेत्र के लोगों ने गहरे गड्ढों से बचाव के लिए उसमे ईट-पत्थर डाल दिए है, ताकि वाहन सवार हादसे का शिकार न हो सके। इन तीनों मार्गों की दुर्दशा से क्षेत्र व आसपास की जनता काफी कष्टों से आवागमन को मजबूर है। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण तो दूर की बात है, मरम्मत कराना भी उचित नहीं समझ रहे हैं।




जरौली नाला रोड पर गिट्टी और बजरी पसरी है। अमृत विचार



नौबस्ता बम्बा से कर्रही रोड वर्तमान में काफी खराब है। मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं और कई बार बाइक व स्कूटी सवार गिरकर चुटहिल हो जाते हैं।

**विष्णु कुशवाहा, खाड़ेपुर**



जरौली नाले वाली रोड व रामगोपाल रोड इतनी खराब है कि सब्जी लेने जाने पर पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

**–रीता, रामगोपाल बर्रा**



खाडेपुर नई बस्ती में जलभराव की वजह से क्षेत्र के लोगों को संक्रमण फैलने का काफी डर है। जलभराव से मार्ग भी खराब हो रहा है। निकलने के लिए पानी में ईंट रखी गई है।

**– रोहन पांडे खाड़ेपुर**

# नर्सिंग होम संचालकों ने अब तक नहीं दिया जवाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राजा हॉस्पिटल में नवजात की मौत के बाद हो रही है कार्यवाही

**अमृत विचार।** जिले में अवैध व मानक विहीन निजी नर्सिंग होम और हॉस्पिटलों का संचालन किया जा रहा है, जिसकी जानकारी तब हो रही है, जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी हॉस्पिटलों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में विभाग के अधिकारियों को कमियां मिल रही है, जिसकी वजह से संचालकों को नोटिस दिया जा रहा है, लेकिन अभी तक एक भी हॉस्पिटल संचालक ने नोटिस देना जरूरी नहीं समझा है।

बिठूर स्थित राजा नर्सिंग होम में बिना अनुमति के संचलित एनआईसीयू के वार्मर मशीन में नवजात की जलकर हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग तीन दिनों में करीब 80 निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों का निरीक्षण कर चुका है, जिनमे से विभाग ने अब तक करीब 40 निजी हॉस्पिटलों को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा था, लेकिन अब तक किसी भी निजी हास्पिटल के संचालक द्वारा मिली कमियों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग को जवाब नहीं दिया गया है। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी के मुताबिक जिन अस्पतालों में कमियां मिली हैं, उसके लिए संबंधितों को नोटिस जारी किए गए है। साथ ही तीन कार्य दिवस में उत्तर मांगा गया है। अगर संबंधितों द्वारा नोटिस का कोई उत्तर नहीं आता है तो उनपर पर नियमानुसार कार्यवाही सुनश्चित की जाएगी। जिले में अवैध व मानक विहीन हॉस्पिटलों के खिलाफ अभियान का संचालन जारी रहेगा। ताकि उनपर लगाई जा सके।



विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

# अंतर शाखा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खलासी लाइन स्थित एन.एल.के. वेंडी स्कूल की ओर से अंतर शाखा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पपेट स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में आजाद नगर शाखा, दिशा आजाद नगर शाखा, लिटिल स्टेप्स जवाहर नगर ने बाजी मारी। हीरोस स्टोरी टेलिंग में दिशा आजाद नगर शाखा ने पहला, लिटिल स्टेप्स व तीसरा स्थान वेंडी हाई स्कूल ने हासिल किया। कार्यक्रम में समूह की विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता (क्षेत्रीय समन्वयक, क्षेत्रीय भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड) ने किया। कक्षा एक के बच्चों ने कठपुतलियों के माध्यम से सुंदर कहानियां पेश कीं। कक्षा दो के छात्रों ने असली नायकों की सच्ची कहानियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या फातिमा डिसिल्वा, उप-प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव, समन्वयक वर्तिका श्रीवास्तव, अंशुल सिंह एवं अमृत मेहरोत्रा उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में इशांत द्विवेदी, रीमा यादव, शिखा गुप्ता रहीं।

# सरकार की सद्बुद्धि के लिए पेंशनर फोरम करेगा यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चित्रगुप्त धर्मशाला में पेंशनर फोरम के सदस्यों की हुई बैठक

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में पेंशनर फोरम की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की और शिवरात्रि मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पेंशनर ने सरकार की लंबे अर्से से लंबित विभिन्न मांगों पर चर्चा की। सभी सदस्यों ने सरकार द्वारा मांगे न माने जाने और आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को न शामिल करने के फैसले पर आक्रोश व्यक्त किया।

महामंत्री आनंद अवस्थी ने कहा कि फोरम की कई मांगे बहुत समय से लंबित हैं। सरकार लंबित मांगों पर विचार कर पूरा करें। यह सरकार के लिए अंतिम चेतावनी है, अन्यथा सभी लोग लंबे संघर्ष के लिए तैयार हैं। इन मांगों से लगभग दो करोड़ पेंशनरों व उनके परिवार जुड़े हुए हैं। निर्णय लिया गया है कि इन मांगों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कमिश्नर कानपुर व सांसद के माध्यम से सात मार्च को दिया जाएगा। सरकार को सदबुद्धि आए और मांगों को माने, इसलिए 27 फरवरी को सदबुद्धि यज्ञ किया जाएगा। पेंशनर की मांग हैं कि आठवें वेतन आयोग में लिए गए निर्णय में पेंशनरों को भी शामिल किया जाए। क्योंकि यह आशंका सेवानिवृत्त कर्मियों के बीच व्याप्त है कि उन्हें उस लाभ से वंचित किया जा सकता है। 50 फीसदी महंगाई भत्ते को वेतन व पेंशन में जोड़ा जाए। सभी पेंशनरों को आयकर से मुक्त किया जाए। ईपीएस -95 के सेवानिवृत्त कर्मियों को 7500 रुपये की पेंशन और महंगाई भत्ता दिया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को दो वर्ष में एक बार भारत भ्रमण की सुविधा एक सहायक के साथ प्रदान की जाए और पेंशन राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष में बंद की जाए। इस दौरान बीएल गुलबिया, सत्य नारायण, आरपी शुक्ल, पी. श्रीवास्तव, उमेश शुक्ल, अरुणेश तिवारी, डीपी तिवारी, सुभाष चंद्र भाटिया, विनय प्रकाश थे।

# बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे

**कानपुर।** केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण कार्यालय में रविवार को हुई जिला बैठक में लखनऊ में हुई कार्यशाला से लौटे दक्षिण भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंडल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता निर्माण के लिए भाजपा में प्रशिक्षण की सतत प्रक्रिया है। कार्यकर्ताओं के विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर को ऊंचा गुणवत्तापूर्ण और मजबूत बनाने के लिए 17 फरवरी को भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिला कार्यशाला का आयोजन होगा। कार्यकर्ताओं को जिला स्तर पर दो दिवसीय एवं मंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



बासमंडी में हज आजमीन का प्रशिक्षण कैंप आयोजित हुआ। अमृत विचार

# मदीना की सरजमीं पर मस्जिद कुबा में नमाज जरूर पढ़ें लोग

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

- हज आजमीन को मक्का व मदीना में इबादत की जगह बताई

**अमृत विचार।** आहज करने के लिए जा रहे हैं तो मदीना की सरजमीन पर मस्जिद कुबा में नमाज जरूर अदा करें क्योंकि अल्लाह के नबी ने मदीना की सरजमीन पर पहली मस्जिद की तामीर (निर्माण) किया था। मस्जिद नबवी से पहले अल्लाह के नबी ने इसका निर्माण कराया था। रविवार को तंजीम खुद्दाम आजमीन-ए-हज की ओर से गरीब नवाज हॉल बासमंडी में हज आजमीन के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाया गया जिसमें 450 से अधिक पुरुष व महिला आजमीन ने शिरकत की। काजी फैजान आली ने कुरआन पाक की तिलावत करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुफ्ती इकबाल कासमी ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब आदि के रौजे पर खूब दरुद-ओ-पाक का नजराना पेश करें। रियाजुल जन्ना में नमाज पढ़ें। मस्जिद कुबा में नमाज जरूर पढ़ें। मुफ्ती ने ओहद की पहाड़ी की विशेषता पर विचार रखे। हज ट्रेनर आतिफ सिद्दीकी और मोहम्मद इरफान ने विचार रखे। मोहम्मद हमीदुल्ला, सरदार अहमद खान व अब्दुल हई हाशमी, तौसीफ अहमद ने हज आजमीन को किट बांटी। तंजीम के खादिम मोहम्मद शकील, मोहम्मद नुजैम, इमरान अहमद, कमाल अहमद, नफीस खान, मोहम्मद आदिल आदि रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD ANWAR से बदलकर MOHAMMAD ANWAR IDRISI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMAL AHMAD ADD-14/549, BARAF KHANA, MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001(U.P.)

**सूचना**

मेरे पुत्र MOHAMMAD AKRAM के पासपोर्ट मे मेरा नाम त्रुटि वश SHAHIN JAHAN लिख गया जबकि मेरा सही नाम SARIN JAHAN है। भविष्य मे मुझे SARIN JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD ANWAR IDRISI ADD-14/549, BARAF KHANA, NAI BASTI MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD IRFAN KHAN से बदलकर MOHD IRFAN KHAN रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD IRFAN KHAN S/0-SAGEER AHMAD ADD-VILL-GAURA BUJURG GAURA CHAUKI PS-KHODAREDIST-GONDA-271312 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम ZUBER ALI से बदलकर ZUBAIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-WAHID ALI ADD-FLAT NO-1 1ST FLOOR HN NO-41/565, NAWAB ASGAR ALI, HUSAIN ROAD NARHI, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2207737 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1715961 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **नीतू यादव पुत्री राजकरन निवासी– ग्राम सिहौली, पोस्ट न प कोइरीपुर जिला सुल्तानपुर यू0पी0**

**सूचना**

मैं **तवरेज आलम पुत्र वाहिद अली, निवासी ग्राम– जगदीपुर पो0 मिश्रपुर थाना– कोतवाली देहात तह0 लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर** मेरा एम0एस0सी0 –एग्रोनामी वर्ष 2018–2019 अन्तिम वर्ष जिसका रोल नम्बर 172020718305 का मूल अंक–पत्र दिनांक 19/10/2025 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**


**सूचना**

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कल्पेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अत: मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कल्पेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई।**

**बोर्ड परीक्षा** | तनाव और भय के बीच काउंसलरों से पूछ रहे सवाल

# परीक्षा की तैयारियों से बढ़ा बच्चों में डर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- शहर में लगभग 1 महीने तक सवा लाख बच्चे बोर्ड परीक्षाएं देंगे

### बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन आना

बच्चा यदि अकेले में रहना पसंद करें

उसके खान–पान पर बदलाव हो

बात–बात पर जिद करें या लड़े

बच्चे का अकेला रहने का मन करे

### यह उपाय अपनाएं

- रोजाना पढ़ाई के साथ ब्रेक, खेल और 7–8 घंटे नींद जरूरी
- डीप ब्रीदिंग, योग और मेडिटेशन से घबराहट कम होती है।
- माता–पिता तुलना बंद करें, तुम अच्छा करोगे कहकर विश्वास बढ़ाएं।
- स्कूल काउंसलर, मनोवैज्ञानिक या हेल्पलाइन से संपर्क करें।

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के बीच बच्चों में एग्जाम तनाव बढ़ रहा है। एग्जाम एंग्जाइटी (परीक्षा का डर और तनाव) के बीच विशेषज्ञ छात्रों को सलाह दे रहे हैं। जैसे-जैसे परीक्षा या कठिन प्रश्न पत्र नजदीक आ रहे हैं मनोवैज्ञानिकों के पास केस की संख्या में इजाफा हो रहा है।

यूपी बोर्ड और सीबीएसई की परीक्षा फरवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू हो रही है। ऐसे में शहर में मनोवैज्ञानिकों के पास छात्रों की परीक्षा से जुड़े तनाव को लेकर केस आने लगे हैं। मनोवैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उनके पास रोजाना 4 से 6 केस आ रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम के जरिये भी इतने ही केस पर वे काम कर रहे हैं। ज्यादातर छात्रों में तनाव, अनिद्रा व चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण आम सामने आ रहे हैं। इसी तरह अन्य बच्चों में नकारात्मक विचार, परीक्षा का डर व आलस जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि परीक्षा से पहले तनाव अचानक नहीं आता, बल्कि धीरे-धीरे बनता है। परिवार की अपेक्षाएं, साथियों से तुलना, भविष्य की अनिश्चितता और अधिक अंक की दौड़ में परीक्षा की तैयारी बच्चों पर दबाव बनाता है। मनोवैज्ञानिकों ने उपाय के रूप में प्रमुख रूप से अभिभावकों का सहयोग, दिनचर्या में प्रबंधन व खानपान में अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

**इन तरह समझें लक्षण:** वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि परीक्षा से पहले व परीक्षा के दौरान बच्चों के व्यवहार पर नजर रखना बेहद जरूरी है। शुरुआती दौर पर उनमें यह लक्षण सामने आते ही अभिभावकों को सतर्क रहना चाहिए।

### परीक्षा में सेहत रहे दुरुस्त

- परीक्षा के दौरान बच्चों की सेहत का खास ख्याल रखना भी बेहद जरूरी है। परीक्षा के डर के बीच अक्सर बच्चे अपने स्वास्थ्य का ख्याल करना कम कर देते हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. मनमीत सिंह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी या परीक्षा के दौरान अभिभावकों को बच्चों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की जरूरत है। बच्चे को पौष्टिक आहार दें, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन शामिल हों। 7–8 घंटे की नींद बच्चों को दें ताकि शरीर और दिमाग ताजगी महसूस करें। नियमित व्यायाम जरूरी, जैसे योग या चलना, ताकि शरीर सक्रिय रहे। बच्चा पर्याप्त पानी पिएं, जिससे शरीर हाइड्रेटेड रहे। तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने का अभ्यास करें। पढ़ाई के दौरान ब्रेक लें, ताकि दिमाग आराम कर सके।

# एयरपोर्ट गेट फीडर की बिजली गई

**कानपुर।** अहिरवां उपकेंद्र के अंतर्गत एयरपोर्ट गेट फीडर से जुड़े मकान व दुकानों की बिजली इंसुलेटर में आई तकनीकी खराबी की वजह से सुबह 11 बजे गुल हो गई। अचानक से बिजली जाने पर क्षेत्र के सैकड़े लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी पर केस्को टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य के बाद आपूर्ति दोपहर करीब दो बजे तक बहाल हो सकी। दूसरी ओर आजाद नगर, विष्णुपुरी, नवाबगंज, भैरवघाट, रानी का बगीचा, मैगजीन घाट, तिलक नगर, विद्युत कॉलोनी, बर्रा, बर्रा चार व बर्रा-6, कोयला नगर व मंगला विहार में बिजली सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक नहीं रहेगी। ग्रीनपार्क, सिविल लाइंस, सूटरगंज, ग्वालटोली व गुजैनी में बिजली सुबह 10 बजे से तीन बजे तक नहीं रहेगी।

## सिटी ब्रीफ

### केवीके की होगी बैठक

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित अनौगी स्थिति कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक 16 फरवरी को होगी। यह बैठक सुबह 11.30 बजे अनौगी कन्नौज स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में होगी। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए विस्तार कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### 3 डिग्री बढ़ा पारा

कानपुर। शहर में तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. सुनील पाण्डेय ने बताया कि तापमान में परिवर्तन संभव है।



रुद्राभिषेक हुआ।

### सनातन की रक्षा के लिए पूजन

कानपुर। धूनी ध्यान केन्द्र एवं शकुन्तला शक्ति पीठ की ओर से रविवार को सनातन रक्षा के लिए पूजन किया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर हुए पूजन में केंद्र के संस्थापक आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डा. सुनीता मिश्रा ने सबसे पहले गंगा का पूजन किया गया। इसके बाद गंगाजल को लाकर शक्ति पीठ में स्थापित किया गया। आदि शक्ति मां भवानी का श्रृंगार भी हुआ। पूजन के दौरान मानसरोवर, गंगासागर सहित अन्य तीर्थों का जल सभी भक्तों ने भोलेनाथ पर अर्पित किया। इस दौरान डा. आचार्य अमरेश मिश्र ने भक्तों को शिवरात्रि का महत्व भी बताया।



शिव बारात में कई झांकियां सजाई गईं। अमृत विचार



शिव बारात में सजे-धजे रथों पर निकली सवारियां। अमृत विचार

# जय-जय भोले भंडारी, बारात में नाची नगरी सारी

## शहर भर में महाशिवरात्रि उल्लास के साथ मनाई गई, कई जगह धूमधाम से शिव बारात निकलीं, झांकियों ने मन मोह लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। शिवालयों में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ा, जयकारों के साथ माहौल में भव्यता आ गई। कई स्थानों से शिवबारात भी निकली। जिसमें विवाह की रस्मों में शिवभक्त झूमे। देर रात शिव मंदिर आकर्षक रौशनी से नहा उठे।

शिव मंदिर में भोर से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। हर-हर, बम-बम के जयकारों के साथ मंदिर की ओर से जाते हुए युवा उत्साह जता रहे थे। मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त कतारों में दर्शन की अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर व जागेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पर देर रात तक भक्त महादेव के दर्शन करने के लिए आतुर रहे। उधर वनखंडेश्वर मंदिर व नागेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों के दर्शन के बाद महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में शाम को हुई विशेष आरती में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। उधर शहर में महाशिवरात्रि पर शिव बारात भी निकली। लालबंगला व भूसाटोली से निकली शिवबारात में झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। बारातों का कई स्थानों पर स्वागत भी हुआ। लालबंगला से निकली बारात में इस बार दिल्ली से आया बैंड सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। शिव बारात में 12 रथ पर विभिन्न देवी देवता विराजमान रहे। इसी तरह 14 झांकियों के माध्यम से शिव तांडव,काली नृत्य सहित अन्य धार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किए गए। लालबंगला से उठकर शिव बारात सिद्धनाथ धाम पहुंची। यहां पर बारात का आतिशबाजी के बीच स्वागत किया गया।भूसाटोली से भी भक्तों की ओर से शिव बारात निकाली गई। यह शिव बारात नयागंज स्थित नागेश्वर मंदिर पहुंची। रास्ते में भक्तों की ओर से शिव बारात का आरती कर स्वागत किया गया। बारात के बाद वरमाला का प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। बारात के बाद शिव मंदिर में महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। इस श्रृंगार में महादेव को दूल्हा रूप में सजाया गया।



शिव बारात में बजे ढोल-ताशे। अमृत विचार



भंडारे में बांटा प्रसाद। अमृत विचार



बाबा की झांकी। अमृत विचार

### 251 दीयों का दीपदान

महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों की ओर से गंगा आरती भी आयोजित हुई। मां गंगा सेवा समिति की ओर से गंगा आरती भी आयोजित हुई। सिद्धनाथ घाट में हुई गंगा आरती में बालयोगी अरुणपुरी चैतन्यजी महाराज ने गंगा अभिषेक किया। इस दौरान चुनरी भी चढ़ाई गई। आरती में भक्तों की ओर से 251 दीपकों को गंगा में दान किया गया। शाम को गंगा की धारा में प्रवाहित किए गए दीपक सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। इसी तरह अटल घाट में भी गंगा भक्तों की ओर से आरती कर महाशिवरात्रि पर्व को मनाया गया। मेस्कर घाट पर भी आरती के दौरान भक्तों की ओर से गंगा का अभिषेक किया गया।

### आनंदेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का हंगामा

कानपुर। आनंदेश्वर मंदिर परमट में एक पुलिस अधिकारी की कार्यप्रणाली से नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया। नाराज पार्षद ने मंदिर प्रबंधन से पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को मंदिर से बाहर करने की मांग की। करीब 15 मिनट तक हंगामा चलता रहा। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के दौरान एक पुलिस अधिकारी ने एक भाजपा नेता से अभद्रता की। इससे नाराज भाजपा नेता और समर्थकों ने नारेबाजी की। भाजपा नेता का कहना था कि पुलिसकर्मी भक्तों से अभद्रता कर रहे हैं। इसका उन्होंने विरोध किया तो अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और अभद्रता करने लगे। मंदिर प्रबंधन ने नाराज श्रद्धालुओं को किसी तरह शांत कराया। बताते हैं कि पुलिस की सख्ती के कारण ही रात आठ बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो गई तमाम श्रद्धालुओं वहां से दूसरे मंदिर दर्शन के लिए चले गए।

### मंदिरों में बनी रील

पर्व के दौरान युवाओं की ओर से शिव मंदिरों में जमकर रील बनाई भी बनाई गई। आनंदेश्वर मंदिर के रास्तों और सिद्धनाथ मंदिर में युवाओं की ओर से बनाई जा रही रील को देखने के लिए भीड़ भी लगी। इसी तरह गंगा घाटों पर भी रील बनाने वालों की भीड़ के चलते नाविकों का भी कारोबार तेज रहा। सरसैया घाट, परमट घाट, मेस्कर घाट और सिद्धनाथ घाट में भी गंगा की धारा पर रील बनाने के लिए युवाओं की होड़ लगी रही। सिद्धनाथ मंदिर में रील बना रहे युवाओं को भक्तों की ओर से रोका भी गया।



गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ में सिख समाज की बैठक हुई। अमृत विचार

# सिख युवाओं का कॅरियर संवारने में जुटेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैठक में समाज की विभिन्न समस्याओं पर मंथन

**अमृत विचार।** गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ गुमटी नंबर पांच में सिख समाज की बैठक में हुई जिसमें सिख समाज की एक टीम का गठन हुआ। सर्वसम्मत से फैसला लिया गया कि सिख समाज के युवाओं का कॅरियर को संवारने के लिए टीम जुटेगी।

बैठक की अध्यक्षता गुरविंदर सिंह वासु ने की। सिख समाज की विभिन्न समस्याओं को हल कराने पर मंथन हुआ। सभी मुद्दों पर गुरुद्वारा कमेटियों, सभा एवं संस्थाओं ने एक मत होकर समर्थन किया। कौशल विकास, कॅरियर डेवलपमेंट, कॅरियर काउंसिलिंग, फ्री मेडिकल कैंप्स, लीगल पैनल आदि पर चर्चा हुई। शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर अनमोलक सिंह ने विचार रखे। महामंत्री गगनदीप सिंह चड्ढा ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। प्रतिपाल सिंह बिल्ला, सुरेन्द्र सिंह, आत्मजीत सिंह, मंजीत सिंह चड्डा, सुरेन्द्र पाल सिंह रोहानी, इंद्र पाल सिंह, प्रतिपाल सिंह, सतनाम सिंह, नीना कुलवंत सिंह खालसा, अनमीत अन्नू, सतवीर सिंह मक्कड़, नीना बहन जी, गुरदीप सिंह सहगल व हरिंदर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### मजार पर इत्र से गुलपोशी, गागर चादर पेश की

कानपुर। हजरत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह के उर्स मुबारक पर मजार शरीफ पर इत्र चंदन गुलाब से गुलपोशी की गई और गागर चादर पेश करने के साथ ही महफिल-ए-शमां (कव्वाली) का आयोजन हुआ।

खानकाहे हुसैनी कर्नलगंज ऊंची सड़क पर हजरत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह के उर्स के मौके पर मजार शरीफ पर हाजिरी देने वाले अकीदतमंदों की भीड़ रही। मन की मुरादें पाने के लिए लोगों ने हाजिरी लगाई और मन्नत मांगी। फजिर (भोर) में नमाज के बाद कुरआनख्वानी हुई। सुबह 10 बजे कुलशरीफ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कुलशरीफ में मुल्क से मोहब्बत, दहशतगर्दी के खात्मे, हिन्दू-मुस्लिम एकता भाईचारे का समर्थन, मुल्क की खुशहाली के लिए कार्य करने का संकल्प हाथ उठाकर लिया गया। शहरकाजी मौलाना मुफ्ती मौलाना मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही, इखलाक अहमद डेविड, नायब शहरकाजी कारी सगीर आलम हबीबी, अब्दुल हाशिम कश्फी, सूफी मोहम्मद हारुन निजामी, हाफिज मोहम्मद कफील हुसैन, सैय्यद अबूजर जैदी थे।



आरोहम हैप्पीनेस होम में भजन संध्या हुई। अमृत विचार

### आरोहम हैप्पीनेस होम्स में रुद्राभिषेक, भजन

कानपुर। बिठूर स्थित आरोहम हैप्पीनेस होम्स में रविवार को महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक किया गया। भक्तों ने पूजा व अर्चना की। विश्वविद्यालय के पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो.संजय स्वर्णकार ने भगवान शिव की महिमा के विषय पर चर्चा की। ओम नमः शिवाय, गुरु शिव को बना लीजिये, बम-बम भोले समेत आदि भजनों ने सभी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। तबले पर डॉ.शुभम वर्मा ने सराहनीय प्रस्तुति दी। इस दौरान आरोहम के संस्थापक डॉ.उमेश पालीवाल, मुकेश पालीवाल, अजय दीक्षित, देवेंद्र सिंह, आकाश तिवारी, डॉ.हरिश चंद्र पांडेय, डॉ.कृष्ण स्वरूप दुबे व कपिल रस्तोगी समेत आदि रहे।



शबद गाते रागी जत्थे। अमृत विचार

### गुरुद्वारा शास्त्री नगर में शबद कीर्तन से संगत निहाल

कानपुर। रविवार को शास्त्री नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में बाबा दीप सिंह जी का 344वां आगमन दिवस श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया। रागी जत्थों ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा में दशमेश शस्त्र दल की ओर से धन-धन बाबा दीप सिंह जी के आगमन दिवस पर लखनऊ से आए ज्ञानी गुरदेव सिंह ने गुरमत विचारों से संगत को गुरु के इतिहास से जोड़ा। उन्होंने बताया कि बाबा दीप सिंह जी का जन्म 1682 ई. में अमृतसर में हुआ था। वह श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की सेना के प्रमुख योद्धा थे। अमृतसर से आए हजूरी रागी भाई सुखबीर सिंह ने शबद कीर्तन करके संगत का मन मोहा। इस मौके पर प्रधान रविंदर पाल सिंह, तरविंदर सिंह, जसपाल सिंह पनेसर, मक्खन सिंह, सुप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह, महिंदर सिंह भाटिया थे।

### सनातन की रक्षा के लिए एक हों

कानपुर। श्री भोलेश्वर श्याम मंदिर के सहयोग से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पनकी मंदिर के महामंडलेश्वर महंत कृष्ण दास ने सनातन की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने उदाहरण के जरिए सभी को एक साथ सौहार्द पूर्वक रहने की सीख दी। आयोजन के दौरान कुटुंब प्रबोधन पर बेबी रानी अग्रवाल (पूर्व प्रधानाचार्या महिला महाविद्यालय) ने छोटे हो रहे परिवारों के लिऐ कहा कि परिवार श्रेणी में आने सदस्यों से समन्वय बनाए रखने के लिए उन परिवारिक सदस्यो से संचार साधनों व व्यक्तिगत सम्पर्क आदि से निकटता बढ़ाने पर जोर दिया।

## सिटी डायरी



श्री रामेश्वर धाम में शिव पूजन। अमृत विचार

### भक्तों ने पूजन किया

कानपुर। आजाद नगर में श्रीरामेश्वर धाम में शिवरात्रि पर संकट मोचन परिवार द्वारा आयोजित उत्सव में भक्तों ने पूजन किया। सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इस मौके पर पंडित शरद मिश्रा, रेखा मिश्रा, हरिशंकर, अन्य भक्त लोग मौजूद रहे।



पूजन करते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी। अमृत विचार

### अवनीश अवस्थी ने किया पूजन

कानपुर। पूर्व मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने पनकी स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत की और महाशिवरात्रि की बधाई दी।



गौशाला में गौ माता का अभिषेक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### भगवान शिव के वाहन नंदी व गौ माता का अभिषेक

कानपुर। कानपुर गौशाला सोसाइटी भौती शाखा में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. अनुराग सिंह जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एवं दुग्ध विकास अधिकारी के नेतृत्व में गौशाला भौती में नंदी पूजन किया गया। गौशाला में आहार के रूप में हरा चारा गुड़ खिलाकर माला पहनकर आरती की गई। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, राम गोपाल मिश्रा, संजीव दुबे, विवेक सिंह राजावत, गणेश पांडे, दिनेश शुक्ला आदि प्रमुख थे।

### भूसाटोली में निकली शिव बारात

कानपुर। महाशिवरात्रि पर भूसाटोली बर्तन बाजार स्थित बालाजी मंदिर से भगवान शिव की बारात पूजा व अर्चना के बाद निकाली गई। शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए नयागंज स्थित नागेश्वर मंदिर में सम्पन्न हुई। बारात में रथों पर सवार भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की। मिष्ठान वितरण किया गया।

नसीहत

अहले बैत कांफ्रेंस में मुसलमानों के ईमान को झकझोरा

# बीवी, बच्चों, बेटियों का हक मारने वालों पर मार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तरका उस माल को कहते हैं जो किसी व्यक्ति के इंतकाल (मृत्यु) के बाद छोड़ा जाता है। उस माल में उसकी बीवी, बच्चों और अन्य करीबी रिश्तेदारों का हक अल्लाह ने मुकर्रर (निर्धारित) किया है जो इनमें से किसी का हक मारेगा, वह अल्लाह के यहां जवाबदेह (उत्तरदायी) होगा। आज हम बड़ी आसानी से अपनी बेटियों और बहनों का हक मार देते हैं इसका बहुत बड़ा खमियाजा हमें भुगतना पड़ रहा और आगे भी भुगतना पड़ेगा।

शनिवार को मदरसा जामिया अशराफुल बनात निस्वां गद्दियाना में आयोजित अहले बैत कॉन्फ्रेंस में ऑल इंडिया गरीब नवाज काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी ने ये बात अपने खिताब में कही। इस मौके पर आलिमा फाजिला सुगरा बीबी अशरफी ने कहा कि अहले बैत से मुहब्बत करना हमारी इस्लामी तालीमात का हिस्सा है और उनकी मुहब्बत दुनिया व आखिरत में कामयाबी की जामिन (जमानत) है। बांदा से आई आलिमा इकरा मुमताज अमजदी ने कहा कि आज मां और बहनों के अंदर फैशन परस्ती, बेहियाई और उरयानी तेजी से फैलती जा रही है। लिहाजा खवातीन-ए-इस्लाम को चाहिए कि वे हजरत फातिमा की जिंदगी को अपना रोल मॉडल बनाएं। आलिमा अफ्शार नईम आलिमा शाइस्ता अत्तारिया साहिबा ने भी विचार व्यक्त किए।



मदरसा अशरफुल मदारिस में जलसे में दुआ की गई। अमृत विचार

### 16 ख्वातीन बनीं आलिमा व कारी

इस मदरसे से 16 ख्वातीन ने तालीम हासिल की जिसमें 10 आलिमा और 6 कारी शामिल हैं। उन्हें यासमीन बानो अशरफी, मोहसिना बानो, हज्जन कैसर जहां नूरी, सैयदा नफीसा आरा, हज्जन शमीमा बेगम, सैयदा महमूदा खातून व रुखसाना अनीस आदि ने दुआओं से नवाजा। आलमीन फातिमा ने तिलावत-ए-कुरआन मजीद से किया। फैजमीन मंसूरी, शाहीन बानो , आलिमा गुल शिरीं, साबरीन खान, रूबा गाजी, सना सिद्दीकी, वरीशा नूर, नजहत फातिमा, जमाअत सालिसा और जमाअत सादिसा समेत जामिया की तालिबात ने पेश किए। संचालन आलिमा दानिश्ता रिजवी ने किया। सालेहा तसनीम, उरुज फातिमा ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# सीएसजेएमयू में 23 से मिड सेमेस्टर परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कैंपस की परीक्षाओं में करेंगे प्रतिभाग
- कैंपस की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी, तैयारियां पूरी की जा रहीं

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर के मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय परिसर के संचालित 148 प्रोग्राम के लगभग 14 हजार से ज्यादा छात्र शामिल होंगे। विश्वविद्यालय परिसर के परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि कैंपस के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कैंपस की मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 फरवरी से शुरू होंगी।

सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक साम्रगी न ले कर आएं। पकड़े जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 75 फीसदी उपस्थिति जरूरी है

विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रो. बृष्टि मित्रा ने बताया कि कैंपस की मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षा में वही छात्र शामिल हो पाएंगे जिनकी कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी होगी। 75 प्रतिशत हाजरी पूरी न होने वाले छात्रों को परीक्षा से विश्वविद्यालय द्वारा बैठने नहीं दिया जाएगा।

# पी के शंकर जी की बूटी, अखियां खुल गईं... की धुन पर जमकर थिरके भक्त

## महाशिवरात्रि पर शहर में निकाली गई भव्य शिव शोभायात्रा में भक्तों का उमड़ा सैलाब, सैकड़ों मनमोहक झांकियों व 'बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान रहा वातावरण


शिव शोभायात्रा को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष, सदर विधायक, डीएम व एसपी।


गायत्री मंदिर में महाकाल मंदिर की पूजा करते भक्त।


महाशिवरात्रि पर गंगा स्नान के लिये उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।


शिव शोभा यात्रा में शामिल डीएम, एसपी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शहर में निकाली गई भव्य शिव शोभायात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सैकड़ों मनमोहक झांकियों व भक्ति गीतों की धुनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने वातावरण को 'बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा का औपचारिक शुभारंभ रविवार दोपहर एक बजे कमला मैदान से हुआ। इससे पूर्व सुबह 11 बजे से ही जिले के कोने-कोने से झांकियां मैदान में जुटना शुरू हो गई थीं।

आईबीपी चौराहे पर आचार्य रामस्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा विधि-विधान से गणेश पूजन संपन्न कराया गया। परंपरा के अनुसार सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अस्वस्थी, डीएम गौरांग राठी, एसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज व नगर पालिकाध्यक्ष पति प्रवीण मिश्रा, भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने भगवान गणेश की आरती कर यात्रा को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। शोभायात्रा में शामिल कलाकार भगवान शिव की महिमा का बखान कर रहे थे। 'सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में' और 'जय-जय शिव शंकर' जैसे भजनों पर युवा व बुजुर्ग सभी झूमते रहे। यात्रा कमला मैदान से शुरू होकर रेलवे स्टेशन रोड, आईबीपी चौराहा, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, गांधी नगर और अचलगंज तिराहा होते हुए झंडेश्वर मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।

### आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

शोभायात्रा में भगवान शिव-पार्वती की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इसके साथ ही राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, प्रभु श्री राम-सीता और भगवान गणपति की जीवंत झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां काली के तांडव नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों में जोश भर दिया।

### जगह-जगह हुआ स्वागत सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पूरे मार्ग में शहर वासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई और पानी फलाहार और बिस्किट उपवास सामग्री का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही ताकि यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। यात्रा के सफल आयोजन में संयोजक चंद्र प्रकाश गुप्ता, श्रीकांत शुक्ल और विनोद शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजे नगर के शिवालय

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर स्थित शिवालयों में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर बम बम व हर हर महादेव के उद्घोष से समूचा नगर भक्तिमय बना रहा। नगर के विभिन्न हिस्सों में कुछ श्रद्धालुओं द्वारा ठंडाई वितरण कराया गया। रविवार तड़के से ही नगर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंचना शुरू हो गयी थी। नगर समेत आस पास के गांवों से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के दर्शनों के लिए पहुंचे। पूरे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला बना रहा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग को गंगाजल व दूध से स्नान कराकर बेलपत्री, भांग, धतूरा, गन्ना, गेहूँ की बाली, गुड़ आदि पूजन सामग्री अर्पित कर अपनी मनोकामनायें पूर्ण होने की कामना की। बालूघाट स्थित श्री आनन्देश्वर महादेव मंदिर में अखंड रामायण, रुद्राभिषेक का आयोजन कराया गया। वहीं नारदानन्द ऋषि आश्रम में शिवभक्तों द्वारा भव्य रूद्राभिषेक व ठंडाई वितरण कराया गया। इसके अलावा राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में बाबा का रुद्राभिषेक कराया गया। जहां आचार्यों ने विधि विधान से दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कराया।

### विधायक ने किया शिव शोभायात्रा का शुभारंभ

गंजमुरादाबाद स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर (पत्थर शिवाला) से रविवार को शिव शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इसमें पहुंचे विधायक श्रीकांत कटियार ने आरती पूजन कर यात्रा का शुभारंभ कराया। करीब डेढ़ दर्जन वाहनों पर शिव पार्वती, हनुमान, नंदी, गणेश जी आदि देवी देवताओं की झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा बैंक रोड, सदर बाजार, अहिराना, खत्रियाना, बड़ी बाजार, पढ़ियाना, आनंदी टोला, गढ़ी व मिश्राना मोहल्लों से होकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा पूड़ी सब्जी, मिष्ठान व फल आदि वितरित किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय, औरास पुलिस व पीएसी बल तैनात रहे।

### गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही घाट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा दिया। सुबह से शाम तक गंगा स्नान चलता रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर पुलिस तैनात रही। महाशिवरात्रि पर रविवार सुबह से ही नगर के विभिन्न घाटों पर भक्तों का तांता लग गया। बालूघाट, रेलवे पुल के नीचे व जाजमऊ चंदन घाट सहित अन्य स्थानों पर स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने घाटों पर विशेष प्रबंध किए। पुलिस बल की तैनाती के साथ गोताखोरों को भी अलर्ट पर रखा गया। दोपहर तक गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत माहौल में श्रद्धालुओं ने शिव उपासना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने स्नान को लेकर सभी घाटों पर पुलिस को तैनात किया।

### औरास के शिवालयों में उमड़ा भक्ति का सैलाब

विकासखंड औरास के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र गोविंदापुर गांव स्थित वाराणसी मंदिर में महाशिवरात्रि पर सुबह से ही शिवभक्तों ने आस्था की डुबकी लगाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाया और हर-हर गंगे बम बम भोले का जय घोष करते रहे। वहीं वाराणसी तीर्थ क्षेत्र मंदिर के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने रुद्राभिषेक व संगीत में सुंदरकांड का आयोजन कराया। जिसमें भक्त भाव विभोर होकर झूमते रहे। वहीं मानसिंह खेड़ा में जेके शिव मंदिर परिसर में भजन संकीर्तन व हवन का आयोजन हुआ। कस्बा औरास पारस महादेव मंदिर में हवन व सुंदरकांड का पाठ कराया गया। क्षेत्र का एकमात्र सुप्रसिद्ध लाडले बाबा मंदिर पर भंडारा हुआ। गोविंदपुर मंदिर में संतों को अंगवस्त्र, भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्रतिमा व भगवान शंकर जी के नाम का अंगवस्त्र भेंट किया गया।

### गाजे-बाजे के साथ निकली शिव शोभायात्रा डीएम और एसपी ने की पूजा-अर्चना

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को शुक्लागंज नगर में शिव सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शिव शोभा यात्रा एवं शिव बारात का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकली इस शोभा यात्रा में श्रद्धालु शिव जी बिहाने चले, पालकी सजाई के...... जैसे भजनों पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया, जिससे नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। शिव सेवा समिति द्वारा रविवार दोपहर दो बजे गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। इसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह पहुंचे और पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद शोभायात्रा राजमार्ग स्थित अंबिका स्कूल के पास से नगर भ्रमण पर निकली। वहीं दूसरी शिव शोभायात्रा पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज व श्रीनगर प्राथमिक विद्यालय में पूजन-अर्चन के बाद प्रारंभ हुई। यात्रा में कुल ग्यारह भव्य रथ शामिल रहे, जिन पर भगवान शिव, राधा-कृष्ण, भगवान गणेश, हनुमान जी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां सजाई गई थीं। सैकड़ों श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा में शामिल होकर भक्ति भाव का प्रदर्शन करते रहे। शिव शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बालूघाट मोड़ के रास्ते पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु शिव जी की आरती उतारते और हर-हर महादेव के जयघोष करते रहे। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। भव्य आयोजन में सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, उनके प्रतिनिधि संदीप पांडेय सहित सूर्यकुमार बाजपेयी, अंकुर शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, कमल वर्मा, भूपेन्द्र सिंह, दिलीप शुक्ला, राजेश गुप्ता, अवनीश शुक्ला, अमरेन्द्र गुप्ता, दुर्गा तिवारी, जैनेन्द्र शुक्ला, अभिषेक तिवारी, श्रीकांत पांडे समेत सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, भाई व बेटे ने लगाया आरोप

**उन्नाव, अमृत विचारः** पति की मौत के बाद अंतर्जातीय युवक के साथ प्रेम विवाह कर रह रही महिला का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी पर पूर्व पति के बेटे व भाई ने महिला की हत्या का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी है।

दही थानाक्षेत्र के झंझरी गांव निवासी राकेश यादव पुत्र स्व. सुंदरलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह शनिवार को गैस प्लांट नौकरी करने गया था। रात में वापस लौटा तो पत्नी मीना (48) का शव गमछे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो भाई शेरा लोधी ने बताया कि बहन मीना की पहली शादी थानाक्षेत्र के ईछौली गांव के मजरा बाबूखेड़ा निवासी नन्हक्के से हुई थी। उसके तीन बच्चों में सूरज, सुभाष व सुभाषिनी थे। 2013 में बीमारी से हुई पति की मौत के बाद उसने परिजनों की मर्जी के विरुद्ध बच्चों को छोड़कर राकेश यादव से शादी कर ली थी। आरोप लगाया कि वह नशे में बहन से मारपीट करता था। बेटे सूरज ने भी राकेश पर आरोप लगा थाना में तहरीर देने की बात कही है। रविवार को हुए पोस्टमार्टम में मीना की मौत हैंगिंग से होने की बात सामने आई। एक चोट भी मिली है। लेकिन मौत उससे नहीं हुई थी।

# अधेड़ ने मालगाड़ी के आगे सिर रखकर दी जान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर रविवार सुबह एक अधेड़ ने मालगाड़ी के आगे सिर रखकर जान दे दी। घटना सहजनी रेलवे क्रासिंग के आगे हुई। ट्रैक पर शव पड़े होने से यातायात बाधित हुआ और गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस करीब 43 मिनट तक खड़ी रही।

जानकारी के अनुसार कानपुर से लखनऊ जा रही एक मालगाड़ी रविवार सुबह करीब पौने 9 बजे जैसे ही सहजनी रेलवे क्रासिंग से लगभग 200 मीटर आगे मगरवारा की ओर 62/20 व 62/22 पोल के पास पहुंची तभी एक 55 वर्षीय अधेड़ पटरी पर गर्दन रखकर लेट गया। चालक ने हॉर्न बजाकर उसे हटाने का प्रयास किया और ब्रेक भी लगाए लेकिन ट्रेन समय रहते नहीं रुक सकी और हादसा हो गया। घटना की सूचना 8:50 बजे रेलवे कंट्रोल को दी गई। इसके बाद 8:55 बजे आरपीएफ को मेमो मिला और 9:10 बजे स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मृतक के पास मिले आधार कार्ड और पर्स में रखे मोबाइल नंबरों के आधार पर उसकी पहचान की गई। मृतक की पहचान दिनेश बाबू (56) पुत्र राम सागर निवासी पीडी नगर, उन्नाव के रूप में हुई। मृतक के बेटे अजय ने मौके पर पहुंचकर पिता की शिनाख्त की। उसने बताया कि पिता शराब मिल में नौकरी करते थे, नौकरी छूटने के बाद से परेशान चल रहे थे। इधर, सुबह 9:15 बजे साबरमती एक्सप्रेस गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची, लेकिन ट्रैक पर शव होने के कारण उसे सिग्नल नहीं मिल सका। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रैक क्लियर होने के बाद करीब 43 मिनट बाद 9:58 बजे ट्रेन को सिग्नल दिया गया, तब जाकर साबरमती एक्सप्रेस अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सकी।


मौके पर लगी भीड़ व जांच करती पुलिस व इनसेट में दिनेश बाबू की फाइल फोटो।

● **43 मिनट तक खड़ी रही साबरमती एक्सप्रेस**

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में महाशिवरात्रि पर्व समारोह पूर्वक मना


प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में हुए आयोजन।

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के ब्लाक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग केंद्र में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व समारोह पूर्वक मना। इसमें सैकड़ों जिज्ञासुओं द्वारा परमपिता परमात्मा शिव की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने कहा कि सभी संकल्प लें कि पांचों विकारों का त्याग कर आज से हमें तीव्र पुरुषार्थ करना है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का अर्थ है कि परमात्मा कलयुगी रात्रि अर्थात विकारी दुनिया में आकर इसे सतयुगी दुनिया में परिवर्तित करते हैं। इसके पूर्व जिज्ञासुओं द्वारा पुराने ब्रम्हाकुमारी सेंटर से भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली गई। समारोह में कृष्ण कुमार गुप्ता सभासद, महेश फौजी, हरि स्वरूप कुशवाहा, लाखन सिंह चौहान, श्यामेंद्र सिंह, रमेश, शुभम गुप्ता, नरेंद्र यादव, सर्वेश पाल, शिवपाल यादव, अनूप कुमार, निर्मल बाबू, अर्चना मिश्रा, किरण गुप्ता व उमा कनौजिया आदि शामिल रहे।

### सपा युवजन सभा ने कोल्ड ड्रिंक पिलाकर किया भक्तों का स्वागत


भक्तों में कोल्डड्रिंक वितरित करते सयुस जिलाध्यक्ष।

**उन्नाव, अमृत विचार :** भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा के दौरान आपसी भाईचारे व सेवा की एक सुंदर तस्वीर देखने को मिली। सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अमन अंजुम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बड़ा चौराहा पर स्टॉल लगाकर शिवभक्तों की सेवा की। गर्मी व उमस के बीच यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया। इस मौके पर अमन अंजुम ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति मिल-जुलकर त्योहार मनाने की है। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और महादेव के भक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। स्टॉल पर भारी भीड़ को देखते हुए युवजन सभा के पदाधिकारी मुस्तैद रहे और घंटों तक भक्तों को शीतल पेय वितरित करते रहे। भक्तों ने भी इस पहल की सराहना की और अमन अंजुम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरुण पाल, शिवम जायसवाल, मो. कैफ, मुकेश मिश्रा, मो. आसिफ, जुनैद मिर्ज़ा आदि मौजूद रहे।

# कबड्डी में उन्नाव योद्धा ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पुरस्कृत खिलाड़ियों के साथ आयोजक व अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाबा महेश्वर-सोमेश्वर धाम सेवा संस्थान परिवार व जय बाबा फाउंडेशन द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव सुख सागर ने बताया कि प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति पर खेला गया। उद्घाटन संस्थान अध्यक्ष सेवानिवृत्त अध्यापक रामआसरे व समापन जिला कबड्डी एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह ने पुरस्कार वितरण कर किया।

जिला कबड्डी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि लीग में खेले गए मैचों के आधार पर उन्नाव योद्धा पहले स्थान व उन्नाव स्टेडियम दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए स्थान सुरक्षित किया। फाइनल मैच में उन्नाव स्टेडियम के कप्तान हर्षित सोनकर व उन्नाव योद्धा की टीम प्रिंस के नेतृत्व में उतरी। कड़े संघर्ष के बाद उन्नाव योद्धा ने उन्नाव स्टेडियम को 23-20 अंकों के कड़े मुकाबले में पराजित किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह द्वारा विजेता टीम को 5100 नकद, मैडल व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 4100 नकद, मैडल व ट्रॉफी दी। निर्णायक मंडल में कामराज, हर्षित बाजपेयी, अदिति सिंह व प्रांशु सिंह रहे।

● **बाबा महेश्वर-सोमेश्वर धाम सेवा संस्थान परिवार व जय बाबा फाउंडेशन के तत्ववावधान में हुई प्रतियोगिता**

# करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचारः** गांव के शिवालय में रामचरित मानस पाठ के लिए साउंड बॉक्स का तार जोड़ते समय युवक की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे की खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रफीगढ़ी गांव निवासी धर्मवीर (32) पुत्र शिवबख्श सिंह गांव के बाहर महुआ चौराहा पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान किए था। शिवरात्रि पर गांव के शिवालय में रामचरित मानस पाठ का आयोजन था। जिसकी तैयारी के लिए लोग सुबह से जुटे थे। बताते हैं कि धर्मवीर विद्युत पोल से आए केबिल से साउंड बॉक्स (लाउडस्पीकर) का तार जोड़ रहा था। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। उसे तड़पता देख मौजूद लोगों ने डंडे से किसी तरह केबल को विद्युत से अलग किया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर अस्पताल आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पत्नी नेहा बदहवाश हो गई। वहीं इकलौते बेटे की मौत से मां लक्ष्मी सदमे में है। परिजनों के मुताबिक उसके 3 साल का बेटा विकास है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि युवक की करंट लगने से मौत की जानकारी मिली थी। जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, चालक की मौत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शाहपुर तोंदा के पास रविवार शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। हरदोई जिला के मल्लावां थानाक्षेत्र के शाहपुर गंगा गांव निवासी धीरेंद्र (22) पुत्र धनीराम किसी काम से हरदोई जाने के लिए निकला था। तभी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शाहपुर तोंदा गांव के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई व धीरेंद्र गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची यूपीडा की एंबुलेंस से उसे अस्पताल लाया जाता इससे पहले उसकी सांसे थम गईं। कोतवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### स्वास्थ्य मेले में 55 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां नगर व आसपास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देकर दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 55 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा, विपिन पांडेय मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षा | 18 फरवरी से होनी हैं हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं

# 95 परीक्षा केंद्रों में पहुंचे प्रश्नपत्रों के कार्टन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होने के कारण रविवार को दूसरे दिन 39 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टून शाम 4 बजे तक भेजे गए। शिवरात्रि पर निकलने वाली बारात के चलते शहर में जाम लगा रहा। जिससे शहर व शुक्लागंज क्षेत्र के करीब 27 परीक्षा केंद्रों में कार्टन आज नहीं पहुंच सके। जिन्हें अगले दिन भेजने की व्यवस्था की गई है। शनिवार से रविवार तक 95 परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र पहुंच चुके हैं।


वाहन भेजने के बाद अगले वाहन का इंतजार करते अधिकारी। ● अमृत विचार

विवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से सुबह से ही परीक्षा केंद्रों में बोर्ड के प्रश्नपत्रों के कार्टन पुलिस के पहरे में भेजने शुरू कर दिये गए थे। डीआईओएस सुनील दत्त, स्ट्रांग रूम प्रभारी राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण, प्रधानाचार्य कमलेश कुमार व पुलिस की उपस्थिति में बोर्ड प्रश्नपत्रों के कार्टन बसों के साथ छोटे वाहनों में भरकर रवाना किए गए। जिसमें हर बस में 7 से 8 केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन रखे गए। जिसमें दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दो शिक्षक व दो पुलिस जवान ड्यूटी में लगाए गए। डीआईओएस ने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन आज नहीं भेजे जा सके उनके कार्टन अगले दिन भेजे जाएंगे।

# छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण कर समझे वैज्ञानिक तथ्य

**उन्नाव, अमृत विचारः** ब्लॉक औरास के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान एक्सपोज़र विज़िट पर ले जाया गया। जिसमें छात्रों को विज्ञान आंचलिक केंद्र अलीगंज व इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला लखनऊ का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी संजय शुक्ला के नेतृत्व में बीआरसी औरास से दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एआरपी डॉ. अंजू रंजना, डॉ. पूनम सिंह, शिखा सिंह, मनीष मिश्रा, राम मिलन के साथ सहयोग में शिक्षक इम्तियाज हुसैन, संध्या देवी, प्रशस्ति शुक्ला, वंदना वर्मा, पारुल गुप्ता, अशोक कुमार, पवन कुमार कनौजिया, राम रतन, नीतू सिंह व भैयालाल रहे। विज्ञान एक्सपोज़र विज़िट के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों व नवाचारों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तथ्यों को समझने, प्रश्न पूछने व प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर मिला। शिक्षकों द्वारा उन्हें प्रत्येक गतिविधि का सरल व व्यवहारिक ज्ञान दिया गया।

● **छात्र-छात्राओं को आंचलिक विज्ञान केंद्र का कराया भ्रमण**

### चंपापुरवा में शिव जानकी होम्यो हाल का उद्घाटन


होम्यो क्लीनिक में दीप प्रज्ज्वलित करते अध्यक्ष।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के चंपापुरवा मुख्य मार्ग स्थित शिव जानकी होम्यो हाल का उद्घाटन रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर किया गया। उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिवाकर तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान क्लिनिक के संस्थापक डॉ. सत्यवान सिंह चौहान ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कर क्लिनिक का संचालन प्रारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी गईं। उद्घाटन के बाद आगंतुकों के लिए चाय और कॉफी का वितरण भी किया गया।

